Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		27-2-1986		
35.	सेठ राम दास धमीजा का तारांकित प्रश्न सं० [1095 –"क्या] परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अम्बाला छावनी बस अड्डे को उसके विद्यमान स्थान से किसी अन्य स्थान पर बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो बस अड्डे को कब तक नए स्थान पर बदलने की संभावना है।"	जी हां। बस अड्डा अगले वित्तीय वर्ष के दौरान बदले जाने की संभावना है।	4/91 को लोक निर्माण विभाग, आरचीटैक्ट विभाग के साथ मीटिंग होने के उपरान्त दूसरी अप्रोच रोड तथा नए बस स्टैण्ड की भूमि के साथ लगते सभी भवनों का साईट प्लान लोक निर्माण विभाग से प्राप्त हो चुका है तथा आरचीटैक्ट विभाग को नक्शा तैयार करने हेतु भेजा जा चुका है। आशा है कि चालू वर्ष में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार फंड्स भी रिलीव कर दिया जाएगा। (11–11–91)	The Committee, after going through the reply furnished by the Government, desired that the bus stand should be shifited as early as posible from its present location. The formalities which are required to be observed in this case may be compled as early as possible and the Committee may also be informed about the latest positton in this regard. (4-12-91)
		22-2-1989		
36.	तारांकित प्रश्न संख्या 815 पर जगपाल सिंह चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-"स्पीकर साहब, पिछले सैशन में मैंने कहा था कि अम्बाला जिले का छछरौली और नारायणगढ़ वगैरा का एरिया सब-माउन्टेनियस है, वहां पर मिन्नी बसिज ज्यादा कामयाब हैं क्योंकि इनके लिए वहां पर नाले वगैरा क्रौस करना इजी है। उस वक्त यह अश्योरेंस दिया गया था कि हमें मिन्नी बसिज जरुर दी जाएंगी। अभी तक वहां यह मिन्नी बसिज आई नहीं हैं। मैं जानना चाहता हूं कि कब तक यह बसिज आ जाएंगी"।	स्पीकर साहब, पहले 60 बसिज इसलिए खरीदी गई थी ताकि इन बसिज के बारे में देखा जा सके कि ये कामयाब हैं या नहीं। जैसे कि मैंने बताया है कि हम जल्दी ही 100 बसिज और खरीदने वाले हैं, उस में से नारायणगढ़ एरिया को भी ये बसिज दी जाएंगी।	कुरूक्षेत्र डिपो से चार मिनी बसें यमुनानगर डिपो को ट्रांसफर कर दी गई हैं। इस प्रकार यह आश्वासन पूर्ण हो गया है। (11–11–91)	The Committee was not satisfied with the reply furnished by the Government and desired to know as to how many buses were required in this sub-mountaineous area of Chhachhrauli and Naraingarh and how many buses were given out of the total requirement. The Committee feels that four buses transferred to Chhachhrauli and Naraingarh area are not sufficient. The Committee would like to know the latest position in this regard. (4-12-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-1989		
37.	श्री मोहिन्दर सिंह दहिया द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 899—क्या जिला सोनीपत के रोहट निर्वाचन क्षेत्र में खरखौदा में एक बस अड्डे के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?	हां। इस समय इस अड्डे के निर्माण की अवधि बताना सम्भव नहीं।	सरकार ने सैक्शन-4 की अधिसूचना 20-2-91 को जारी कर दी थी, इसके उपरान्त भूमि अभिग्रहण अधिकारी से सैक्शन-5 ए की रिपोर्ट आने के उपरान्त 12-6-91 को सरकार से अनुरोध किया है कि वह सैक्शन-6 की अधिसूचना तथा आर्डर सैक्शन-7 भूमि अभिग्रहण करने हेतु जारी करे। उपरोक्त अधिसूचना जारी होने के उपरान्त भूमि अभिग्रहण करने हेतु आगामी कार्यवाही की जाएगी। (11.11.91)	The Committee is not not satisfied with the reply given by the Government and desires that the construction of bus stand at Kharkhauda should be completed as possible. The Committee would also like to know the latest position in this regard, as early as possible. (4-12-91)
		4-9-1990		
38.	परिवहन विभाग में चालकों तथा परिचालकों की भर्ती संबंधी श्री उदय भान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1192.	****इसलिए यह निवेदन है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए समय सीमा 15 दिन तक और बढ़ाने की कृपा करें। ******	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		4-3-1991		
39.	श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 240 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या जिला भिवानी के गांव सतनाली में बस स्टैंड के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त बस स्टैंड के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है ?	(क) जी हां। (ख) यह कहना असम्भव है कि बस स्टैंड बनाने में कितना समय लगेगा क्योंकि यह फण्डज़ की उपलब्धि पर निर्भर करता है। फिर भी निर्माण कार्य 1991—92 के वित्त वर्ष में बस स्टैंड की भूमि ग्राम पंचायत द्वारा परिवहन विभाग के नाम स्थानान्तरण होने के पश्चात शुरू होने की सम्भावना है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-O 22/5 F-O 16/2	
		7-3-1991		
40.	श्री बूटा सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सख्या 1404 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या सीवन में बस स्टैंड के	(क) जी हां। (ख) बस स्टैंड के लिये भूमि अभिग्रहण की जा रही है। भूमि अभिग्रहण करने के पश्चात् बस स्टैंड	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-O 22/5	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त बस स्टैंड का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?	निर्माण का कार्य फंडज की उपलब्धि अनुसार शुरू किया जायेगा।		
		8-3-91		
41.	परिवहन विभाग में चालकों तथा परिचालकों की तदर्थ आधार पर भर्ती के संबंध में श्री परमानन्द द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1308.	....इन परिस्थितियों में कि उपरोक्त प्रश्न का पूरा उत्तर देने के लिए मुझे तीन सप्ताह का समय देने की कृपा करें।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		8-3-1991		
42.	बलदेव नगर कैम्प में बस स्टैंड के निर्माण के संबंध में श्री शिव प्रसाद द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1338.	.....विभाग ने यह निर्णय लिया है कि बलदेव नगर कैम्प अम्बाला शहर में "ए" टाईप बस स्टैंड बनाया जाए। भूमि का चयन किया जा रहा है, चयन करने के पश्चात् फण्डज की उपलब्धि अनुसार निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		11-3-1991		
43.	श्री मनी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1357— क्या कालांवाली मंडी में बस स्टैंड के निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है?	जी हां।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		15-3-1991		
44.	तारांकित प्रश्न संख्या 1341 के संदर्भ में श्री भाग मल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– "मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या एस0 सी0 और बी0 सी0 के लोगों के साथ भेदभाव करके उनको डिबार तो नहीं करना चाहते क्योंकि ये उनका कोटा पूरा नहीं करना चाहते?"	...हमें एस0 सी0 के ऐसे (जो योग्यताएं पूर्ण करते हों) कम लोग मिलते है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि एस0 सी0 की खाली पड़ी पोस्टों को भी जल्दी से जल्दी भर लिया जाये।		

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-7-1991		
45.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई बहस के उत्तर के दौरान श्री बंसी लाल द्वारा पूछा गया प्रश्न—"मैं यह कहना चाहता हूं कि 2-3-4 या कुछ एक्सीडेंटस किसी ड्राईवर द्वारा होने पर उसे नौकरी से निकाल दिया जाएगा?"	****इस में ऐसा है कि बहुत से ऐक्सीडेंटस दूसरे की गलती से भी हो सकते हैं। आप कई दफा खुद गाड़ी चलाते हैं। अचानक सामने कोई चीज आ जाती है या अचानक कोई साईकिल वाला आ जाता है और वह अपनी साईकिल अचानक मोड़ देता है तो उस सूरत में दूसरे की गलती से भी एक्सीडेंट हो सकता है। हां अगर ड्राईवर का तीन दफा खुद का कसूर होगा तो चौथी दफा उसको माफ नहीं करेंगे। आपने एक बात बसों में महिलाओं के लिए सीटों की रिजर्वेशन की कही है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि ऐसे आदेश पहले से ही दिए हुए हैं लेकिन फिर भी हम नए सिरे से हिदायतें दे देंगे कि उस पर पूरा ध्यान दिया जाए। साथ ही साथ आपने एक बात यह कही कि कुछ 7–8 लोग पीछे किसी मैटाडोर के साथ ऐक्सीडेंट में मारे गए थे उनकी मदद की जाए। इस के बारे में मैं आपको बताना चाहता हूं कि उनके लिए जो भी मदद हम कर सकते हैं। करेंगे आपने एक बात यह भी कही कि लिंक रोड्ज पर जो बसें चलती थीं वे खाड़ी युद्ध के समय पैट्रोल या डीजल की कमी की वजह से बंद कर दी गई हैं, उनके बारे में भी मैं आपको जानकारी देना चाहूंगा कि हम उनको फिर से चालू कर देंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 30/12

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

IRRIGATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदभ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15-3-1988		
46	श्री किशन सिंह सांगवान द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 41— (क) क्या सिंचाई तथा बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित पांच पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, जिसके कारण हरियाणा राज्य परिवहन उन पर अपनी बसें नहीं चला रहा है : 1. भलोट उप शाखा पर हाई लेवल पुल जसिया रिठाल सड़क क्रासिंग पर। 2. भालोट उप शाखा पर हाई लेवल पुल कसंढा-सरगथल सड़क क्रासिंग पर। 3. भालोट, उप शाखा पर हाई लेवल पुल खानपुर-मौई सड़क क्रासिंग पर। 4. खानपुर रजवाहा पर हाई लेवल पुल गोहाना बड़ौदा जुलाना सड़क क्रासिंग पर। 5. भिवानी उप शाखा पर हाई लेवल पुल गोहाना बडौदा सड़क क्रासिंग पर। (ख) यदि ऐसा है, तो उपरोक्त पुलों की मुरम्मत कराने के लिए यदि कोई पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या ?	(क) हां। (ख) मामला विचाराधीन है।	सिंचाई मंत्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 5-1-89 को एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आश्वासन में बताए गये। पांच पुलों का पुन: निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा किया जाएगा और खर्चा सिंचाई विभाग तथा सड़क विभाग द्वारा बराबर-बराबर बांटा जाएगा। इन पुलों पर लगभग 8.50 लाख रुपये खर्चा आयेगा। इन पुलों के निर्माण हेतु सड़क विभाग से कहा गया है कि वह 50% खर्चा सिंचाई विभाग के पास जमा करवाएं। इन पुलों का काम 50 प्रतिशत खर्चा सड़क विभाग द्वारा जमा करवाये जाने पर तथा पर्याप्त मात्रा में धन सिंचाई विभाग में उपलब्ध होने पर किया जायेगा। (12-2-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19.2.92)
		18-3-1988		
47	तारांकित प्रश्न संख्या 460 पर श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— ****क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि दादपुर-नलवी	स्पीकर साहब, केवल पत्र-व्यवहार ही नहीं, बल्कि मीटिंगज भी होती हैं। सरकार पूरा जोर लगाएगी कि इसको जल्दी पूरा किया जाए। अभी कोई एक या डेढ महीने पहले मीटिंग हुई थी।	Orally examined the departmental representatives. (30-10-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30.10.91)

F.O. 27/11/93

F.O. 27/1

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नहर के निर्माण के मामले पर प्रदेश सरकार का केन्द्र के साथ पत्र-व्यवहार हुआ है और उस पत्र-व्यवहार की अन्तिम तिथि क्या है ?			
		29-3-1988		
48.	रणजीत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 415— (क) क्या यह तथ्य है कि जिला सिरसा के रोड़ी निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित गांवों अर्थात सुरित, रोड़ी, फागु, मलेड़ी, भनवां, थिराज, दादू, देसू, झोराड़ रोही पंजवाला, झीडी; तथा रोहन की भूमि निरंतर सेम के कारण कृषि के अयोग्य तथा अनउपजाऊ हो गई है जिसके परिणामस्वरूप इन गावों के किसानों को आर्थिक रूप से हानि हुई है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उक्त गांवों तथा उस क्षेत्र के अन्य गांवों में सेम को रोकने के लिए यदि कोई पग उठाए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या ?	(क) जी हां, तथा (ख) घग्गर नदी में बाढ़ के पानी को डालने के लिए रोडी, घग्गर ड्रेन की एक स्कीम मूलतः अनुमोदित की गई थी । यह स्कीम संशोधित की जा चुकी है । अब इस क्षेत्र में गहरी ड्रेनें खोदने तथा पम्प द्वारा पास की सिंचाई चैनलों में उप सतह/बाढ़ के पानी को डालने का प्रस्ताव है ।	Orally examined the Departmental representatives. (30-10-91) F-0 21/5 F-0 27/1	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30-10-91)
		29-3-1988		
49.	तारांकित प्रश्न संख्या 415 पर श्री रणजीत सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से इस सदन में यह बताना चाहता हूं कि मेरे इलाके में कम से कम 15 गांव ऐसे हैं जो कि फलड की वजह से बिलकुल तबाह हो जाते हैं और सरकार की ओर से कोई उपाय इसकी रोकथाम के लिए नहीं किए गए हैं। अभी मंत्री महोदय ने	स्पीकर साहब, इस स्कीम से सम्बन्धित पेपर्ज सेक्रेटरी साहब के पास आ चुके हैं और बहुत जल्द ही इस स्कीम को सैंक्शन कर दिया जाएगा और फाइनेंस विभाग से इसके लिए पैसा सैंक्शन करवा लिया जाएगा	Orally examined the Departmental respresentatives. (30-10-91) F-0 21/5 F-0 27/1	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30-10-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बताया कि इसके लिए एक जो स्कीम एप्रूव की गई है। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि स्कीम बनाई गई है, वह किस स्टेज पर है या वह अभी कागजों में ही है। क्या इस स्कीम के लिए कोई पैसा भी सैंक्शन किया गया है।"			
		22-8-1988		
50.	ड्रेन के निर्माण संबंध: चौधरी किशन सिंह सांगवान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 641— "क्या गांव रिठाल (गोहाना) से गांव कलोई (रोहतक) तक एक ड्रेन के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?"	हां, एक प्रस्ताव इस संबंध में जांचाधीन है।	Orally examined the Departmental representatives. (30-10-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30-10-91)
		1-3-1989		
51.	तारांकित प्रश्न सं0 804 पर श्री हरनाम सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, मंत्री जी ने बताया है कि रंगोई नाले की कैपेसिटी एक हजार क्यूसिक्स से 4 हजार क्यूसिक्स तक बढ़ाने की सैंक्शन फल्ड कंट्रोल बोर्ड से ले ली गई है लेकिन कई जगहों पर लोगों ने उस एरिया में जमीन लैवल करके इस्तेमाल कर ली है। मैं आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जहां जहां पर लोगों ने जमीन लैवल करके इस्तेमाल कर ली है क्या वहां पर उसकी खुदाई की जायेगी।"	स्पीकर साहब, रंगोई नाला बहुत पुराना नाला है। कई जगहों पर लोगों ने जमीन लैवल करके उसका इस्तेमाल भी कर लिया है। यह बहुत उपजाऊ जमीन है। अगर वहां पर फल्ड नहीं आता है तो बड़ी जबरदस्त पैदावार होती है। इस बार वहां पर फल्ड की बहुत ज्यादा मार हुई जिसके कारण फतेहाबाद और सिरसा के इलाके में बहुत ज्यादा नुक्सान हुआ। इसलिए हमने उस नाले की कैपेसिटी को बढ़ाने की जरूरत महसूस की है। इस नाले की एक करोड़ चालीस लाख रु0 की टोटल स्कीम है और इसका काम फेजिज में पूरा किया जाएगा। काम बहुत जल्दी शुरू कर दिया जाएगा।	Orally examined the Departmental representatives. (30-10-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30-10-91)

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		1-3-89		
52.	तारांकित प्रश्न सं0 804 पर श्री रणजीत सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब फल्ड के कारण केवल रतिया हल्के को ही नुक्सान नहीं होता बल्कि फतेहाबाद और सिरसा हल्के के गांवों की 10–12 हजार एकड़ जमीन पर भी काफी इफैक्ट पड़ता है। जब पिछली बार फल्ड आया तो उस समय पानी जी0टी0 रोड़ को क्रौस कर गया था और गांवों के लोग हथियार ले कर खड़े हो गए और कहने लगे कि हम इस पानी को आगे नहीं जाने देंगे मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या केवल रंगोई नाले को खोदने तक की बात है या फ़्लड को भी कंट्रोल किया जाएगा ?"	स्पीकर साहब, फ़्लड कंट्रोल बोर्ड की 31-1-89 को मीटिंग हुई थी और उस मीटिंग में सारे हरियाणा प्रदेश में जहां जहां ड्रेन्ज की जरूरत है उनके लिए एक नई स्कीम सैंक्शन की गई है । मैं यह बात हाउस में पहले भी बता चुका हूं कि लगभग 25 करोड़ रु0 का काम हमने करना है लेकिन हमारे पास बजट में केवल 13 करोड़ रुपये का ही प्रोविजन है उस 13 करोड़ रु0 के काम के टैंडर रिलीज किए जा रहे हैं और फौरी तौर पर काम शुरू किया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.O 21/5 F.O 19/1	
		1-3-1989		
53.	तारांकित प्रश्न सं0 804 पर श्री बलबीर सिंह चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, खन्नौरी हैड से टांगरी, घग्गर और मारकंडा नदियों का पानी इकटठा हो कर निकलता है और आगे घग्गर नदी की कैपेसटी काफी ज्यादा है जिसके कारण रंगोई नाला पानी से फ़ुल हो जाता है । मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या उस पानी को निकालने के लिए कोई बाई पास ड्रेन निकाली जाएगी ताकि वह पानी रतिया से आगे जा कर घग्गर में चला जाए और फतेहाबाद, सिरसा के इलाकों को फल्ड से नुकसान न हो ।	***वहां पर डाईवर्शन ड्रेन बनाने की भी प्रोपोजल है जिससे घग्गर नदी में पानी डाला जाएगा और इस काम पर 30 लाख रुपये खर्च करने की प्रोपोजल है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		1-3-1989		
54.	तारांकित प्रश्न सं0 804 पर श्री हरनाम सिंह द्वारा पूछा गया	अध्यक्ष महोदय, जिस काम के लिए 24 करोड़ रु0 की आवश्यकता हो उनके	वर्ष 1989-90 में 13 करोड़ रुपये खर्च	The Committee would like to know the latest

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	अनुपूरक प्रश्न—"अभी थोड़ी देर पहले मंत्री महोदय ने बताया है कि बाढ़ की रोकथाम के लिए अगले साल 13 करोड़ रु0 खर्च करने के लिए रखे हैं। स्पीकर साहब, बारिश आने में सिर्फ साढ़े तीन महीने का ही समय रह गया है। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि कितनी स्कीमों पर काम शुरू किया जा चुका है और जिन पर काम शुरू हो चुका है क्या उन का काम बारिश आने से पहले पहले पूरा कर लिया जाएगा ताकि पानी आगे निकल सके ?"	लिए यदि हमें सिर्फ 13 करोड़ रु0 ही मिलें तो सब स्कीमों पर काम शुरू नहीं हो सकता। प्रायरटी निर्धारित की जाएगी और जहां जहां ज्यादा बाढ़ आने की संभावना होती है वहां 30 जून तक काम कम्पलीट करने की कोशिश की जाएगी।	करने की व्यवस्था की गई थी धन की कमी के कारण वर्ष 1989 में कार्यों को करने हेतु स्कीमों की प्रायट्री दिनांक 5-4-89 को फिक्स की गई। जहां जहां ज्यादा बाढ़ आने की सम्भावना थी उस वर्षा से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया गया था। इन कार्यों से गांवों की आबादी को नदी तथा नदी की बाढ़ से काफी राहत मिल गई। (13-2-92)	position in this regrrd. (19-2-92)
		9-3-89		
55.	तारांकित प्रश्न सं0 904 के संदर्भ में श्री भागी राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी मार्फत मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि क्या इस एन.जी.सी. पैरेलल नहर का काम अब चल रहा है या नहीं; अगर नहीं तो यह कब बन्द हुआ ?"	"...स्पीकर साहब, जो 28.8 किलो0 मीटर नहर बनी है वह भी फेजिज में बनी है। कई जगह यह छुटी हुई है। कचहरी की तरफ से हमें यह आदेश हुए हैं कि 30-9-1989 तक सारा मुआवजा हमें किसानों को देना है। नवम्बर, 1988 में सैक्शन 4 की कार्यवाही करने के बाद जमीन की ऐक्वीजीशन की कार्यवाही सैक्शन 6 के अंडर भी हो चुकी है। यह प्रोसैस पूरा हो चुकने के बाद ही काम शुरू करने का विचार है।"	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.O. 19/11	
		12-9-1989		
56.	चौधरी सतबीर सिंह कादियां द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 151—क्या नौलथा निर्वाचन क्षेत्र में 1-आर माइनर को पक्का करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो उक्त माईनर को पक्का करने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?	हां, इसराना विदिका से निकलने वाली 1-आर माईनर को पक्का करने की योजना को नहरों के आधुनिकीकरण की परियोजना (फेज-II) में शामिल किया जा रहा है। उक्त माईनर को पूर्णतया पक्का किए जाने की तिथि बारे कहना सम्भव नहीं है क्योंकि यह धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.O. 2/5 F.O. 19/11	

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17-1-90		
57.	कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1018 को भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या जिला रिवाड़ी तथा महेन्द्रगढ़ के किसानों को नियमित नहर सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है ?	(क) हां । (ख) जवाहर लाल नेहरु नहर तथा जवाहर लाल नेहरु उठान सिंचाई परियोजना की महेन्द्रगढ़ नहर सिस्टम।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		17-1-1990		
58.	तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के ऊपर श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — * * * * * * महेन्द्रगढ़ ऐरिया में जो पम्प हाउस चालू नहीं हुए हैं उन को क्या मन्त्री महोदय प्राथमिकता के आधार पर चालू करवाएंगे ताकि टेल तक पानी पहुंचाया जा सके ?"।	स्पीकर सर, उस ऐरिया में इस कैनाल के लिए 97 पम्प हाऊसिज लगने हैं जिनमें से हमने 54 को तैयार करके ऐनरजाईज कर दिया है । बाकी जो पम्प हाऊसिज रह रहे हैं उन पर लगभग 20-25 करोड़ रुपये का खर्चा होगा । उसको हम फेज्ड प्रोग्राम में कर रहे हैं 6 और पम्प हाऊस हम बहुत जल्दी ही ऐनरजाईज करने वाले हैं । मुख्य मन्त्री महोदय जी का उधर का प्रोग्राम बना हुआ है । 26 तारीख से पहले पहले हम 6 और पम्प हाऊसिज को वहां पर ऐनरजाईज करेंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		17-1-90		
59.	तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के संदर्भ में श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — * * * * * * * * * हरियाणा के समस्त किसानों को नियमित रूप से नहरी सिंचाई के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए क्या सरकार के पास कोई स्कीम विचाराधीन है ? वे इलाके जहां पानी की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, क्या वहां तक पहुंचाया जाएगा।"	हम लखनऊ जाने वाले हैं (यू०पी० चीफ मिनिस्टर के साथ मीटिंग करने के लिए ताकि आगरा कैनाल का कंट्रोल हरियाणा प्रांत को मिल जाये।) मैं हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि फरीदाबाद जिले के लोगों को पूरा पानी मिले, सही मिले और उनकी डिस्ट्रीब्यूट्रीज और माईनर्ज की प्रोपर मैंटीनैंस हो।	Orally examined the Departmental representatives. (30-10-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30-10-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17-1-1990		
60.	तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के संदर्भ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "* * * मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या इस काम को फेज्ड प्रोग्राम (रिवाड़ी और महेन्द्रगढ़ में बाकी के पम्प हाऊसों को चलाने के लिये) में पूरा करने के लिये पैसे का प्रोविजन रखा गया है कि किस-किस साल में कितना कितना धन उपलब्ध होगा ?"।	स्पीकर साहब, प्लान की मंजूरी के लिए आदरणीय मुख्य मन्त्री जी 19 तारीख (19-2-90)) को देहली जा रहे हैं और इस बारे में जो भी बात होगी वह मैं अगले आने वाले मार्च सैशन में बता दूंगा। F.0 19/1	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.0 21/5	
		17-1-90		
61.	श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1010 का भाग (क) तथा (ख)— (क) एस0वाई0एल0 नहर के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा (ख) इस को कब तक पूरा होने की संभावना है ?	परियोजना अधिकारियों ने यह सूचित किया है कि यह नहर वर्ष 1990 के अन्त तक पूरी कर ली जायेगी। फिर भी, राज्य सरकार 30-6-90 तक इसे पूरा करने के लिए दबाव डाल रही है। F.0 19/1	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.0 21/5	
		17-1-90		
62.	तारांकित प्रश्न संख्या 1010 के संदर्भ में श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "... हम सभी चाहते हैं कि एस0 वाई0 एल0 नहर जल्दी से बन कर तैयार हो ताकि हरियाणा की धरती की प्यास बुझ सके। इस बारे में हमारी सरकार के पास ऐसे कौन-कौन से कंकरीट सुझाव हैं जो केन्द्र की, हमारी अपनी सरकार को देने जा रहे हैं और कितना पैसा मांग रहे हैं ताकि यह नहर जल्द से जल्द कम्पलीट हो सके ?"।	"... वह कमेटी 28-1-90 को मौके पर आ रही है। सी0 डब्ल्यू0 सी0 के एक मैम्बर, उस कमेटी के चेयरमैन होंगे। सी0 डब्ल्यू0 सी0 के चीफ इन्जीनियर साथ आयेंगे और पंजाब तथा हरियाणा के इंजीनियर भी साथ होंगे। वे देखेंगे कि इस काम में स्लीपेज न हो, वे इस बात को टैकनीकल तौर पर भी देखेंगे। जो रिपोर्ट आयेगी, उसकी जानकारी और मुख्य मन्त्री जो प्रधान मंत्री जी से मिल कर आयेंगे, उसका विवरण, अगले सैशन में दे दिया जाएगा। लेकिन जो सुझाव हम इस मामले में केन्द्र की सरकार को देने जा रहे हैं, उसकी जानकारी देना इस समय स्टेट के इन्ट्रैस्ट में नहीं है।"	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। 21/5 F.0 19/1	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
63.	तारांकित प्रश्न संख्या 1010 के संदर्भ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —— "स्पीकर साहब पंजाब में जो एस0 वाई0 एल0 नहर का निर्माण कार्य हो रहा है, उस का सारा खर्च केन्द्रीय सरकार वहन कर रही है है क्या हमारी सरकार ने केन्द्रीय सरकार से इस बारे में अर्ज की कि हमारे हरियाणा में बनी नहर का खर्चा भी वह वहन करे ? अगर नहीं की है तो क्या हमारी सरकार यह सवाल उनके सामने रखेगी कि हरियाणा में जो एस0 वाई एल0 का हिस्सा बन चुका है और उसमें पानी न आने की वजह से जो रख रखाव के लिए खर्च हो रहा है, उसको वह वहन करें ? क्या इस बारे में ये भी केन्द्रीय सरकार को ऐप्रोच करेंगे ?"	17-1-90 स्पीकर सर, तीन तारीख की मिटिंग में मैंने वाटर रिसोर्सिज मिनिस्टर से इस बारे में मांग की थी कि हरियाणा टैरीटरी में एस0 वाई0 एल0 पोर्शन के बनाने पर जो 30 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं उनको भी सैंटर सरकार हमें दे । उन्होंने हमें इस बात को ऐग्जामिन करने की अश्योरेंश दी है	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
64.	तारांकित प्रश्न संख्या 1019 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— "क्या मन्त्री महोदय, बताने की कृपा करेंगे कि जब से यह डिस्ट्रीब्यूटरी (लाढुवास/बुधापुर डिस्ट्रीब्यूटरी) बनी है तब से ले कर आज तक इसकी टेल (अन्तिम छोर) पर पानी क्यों नहीं पहुंचा और पानी कब तक इस डिस्ट्रीब्यूटरी के अन्तिम छोर तक पहुंच जाएगा ?"	17-1-90 अध्यक्ष महोदय, सवाल यह पूछा गया था कि क्या कोई मोघा बन्द हुआ है और इसका जवाब दिया गया है कि कोई मोघा ब्लाक नहीं है। जहां तक टेल पर पानी न पहुंचने का संबंध है, मेरे ख्याल में यह दिवाना डिस्ट्रीब्यूटरी की बात है। दिवाना डिस्ट्रीब्यूटरी की सफाई के आदेश दे दिए गए हैं। बहुत जल्दी सफाई हो जाएगी और टेल तक पानी पहुंच जाएगा	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
65.	तारांकित प्रश्न संख्या 1065 के सन्दर्भ में श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —— "अध्यक्ष महोदय, इस नहर (आगरा कैनाल के नियन्त्रण) के बारे में यह वार्तालाप आगे ही बढ़ता रहा	12-3-90 इसके लिए पूरी कोशिश की जाएगी। वैकल्पिक प्रस्ताव यह विचाराधीन है कि जो वहां के किसानों से पानी के ज्यादा चार्जिज लिए जा रहे हैं उनको उस दर में कम्पनसेशन दिया जाए।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	है । पिछले सैशन में भी सिंचाई तथा बिजली मन्त्री द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस वार्तालाप को जल्दी ही पूरा कर लेंगे । क्या अब यह संभव होगा कि इस वार्तालाप को जल्दी ही पूरा कर लिया जाए ? क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी जिससे फरीदाबाद जिले के लोगों को पानी मिल सके ?"			
66.	तारांकित प्रश्न संख्या 1065 के संदर्भ में श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "अध्यक्ष महोदय, आगरा कैनाल और गुड़गांव कैनाल का पानी काफी रकबे की सिंचाई नहीं कर पाता दूसरे वह पानी रैगुलर नहीं मिलता जिस कारण किसानों को बड़ी असुविधा होती है । मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या हरियाणा सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव है जिससे इन किसानों को रैगुलर सिंचाई के साधन उपलब्ध होते रहें ?"	12-3-90 . . . किसानों की इन सभी कठिनाईयों को समझते हुए सरकार कोई हल निकालने की कोशिश कर रही है, बार-बार मीटिंगें हो रही हैं। सरकार तो यहां तक सोच रही है कि जो कम्पनसेशन हम यू0 पी0 गवर्नमैंट को दें वह आबियाने के तौर पर अपने किसानों को ही दे दिया जाए ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
67.	तारांकित प्रश्न संख्या 1066 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मंत्री महोदय ने अपने जवाब में बताया है कि वहां पर (यमुना पर फरीदाबाद के गांवों के पास टोटल 52 स्टडज बनने थे**) ********क्या मंत्री जी बताएंगे कि इनमें से कितने स्टडज बनने हैं और कितने बनने रोक दिए गए हैं ?" ।	13-3-90 स्पीकर साहब, जैसे मैंने अभी बताया है कि ये 52 स्टडज़ बनाने की बात टैक्नीकल ऐडवाइजरी कमेटी ने ऐप्रूव की थी। उनमें से 27 तो बना दिए गए। बाकी के 25 में से 4 का काम इस महीने मार्च की 15 तारीख यानी महीने के सैकिण्ड हिस्से में शुरु होने जा रहा है और यह काम 31 मई तक खत्म कर दिया जाएगा । *****	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
68.	तारांकित प्रश्न संख्या 1055 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि पिरथला माईनर को पक्का करते समय कुछ एरिया ऐसा है जो कि नीचा	13-3-90 ***** दूसरी बात इन्होंने इंदाछुई माइनर की कही यह 1987 में मंजूर हुई थी लेकिन इसका काम फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी से लिंक होता है जिसकी रिमोडलिंग और लाईनिंग का काम शुरु है । यह काम 4/90 तक पूरा हो जाएगा उसके बाद	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	चला गया है। चौधरी भजन लाल जी के वक्त में यह विशेष कृपा की गई थी। लोग कम्पलेंट करते हैं कि टेल तक पानी नहीं जाता। इस लिए हमारी रिक्वेस्ट है कि ठीक तरह से इसकी लैवलिंग की जाए नांगली माईनर की लैवलिंग भी की जाए। तीसरी माईनर चन्दड़ (इंदाछुई माईनर) मंजूर हुई पड़ी है, मेरे पास सरकार का लैटर है लेकिन अभी तक विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। क्या सरकार इस बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कृपा करेगी ?"।	इंदाछुई माईनर के काम को हाथ में ले सकेंगे, उससे पहले संभव नहीं है। 14-3-90		
69.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1056 के भाग (ख) के उत्तर में — क्या सिंचाई तथा बिजली मन्त्री कृपया बताएंगे —कि टोहाना निर्वाचन क्षेत्र में — माईनर के कब तक मुकम्मल किए जाने की संभावना है ?।	इन्दाछुई माईनर का निर्माण कार्य फतेहाबाद वितिका की रिमाडलिंग और पक्का करने के कार्य से जुड़ा हुआ है जिसके पूरा होने उपरान्त ही शुरु किया जाएगा। निर्माण कार्य का पूरा होने का समय धन की उपलब्धि पर निर्भर है 14-3-90	The provision for the construction of Indachhoie Minor has been made in the proposed project estimate of modernisation of existing channel in Haryana Phase-III, which is likely to be taken up after 3/92 after approval by the Govt./World Bank. (3-10-91)	The Committee would like to know the latest position in the matter. (16-10-91)
70.	तारांकित प्रश्न संख्या 1056 के संदर्भ में कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, यह माईनर (इन्दाछुई माईनर) 1987 में मंजूर हुई थी लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि धन लगाने का क्या क्राईटेरिया है, कौन से एरिया को फर्स्ट प्रायरिटी देकर चूज किया जाता है ?"	स्पीकर साहब, यह माईनर फतेहाबाद डिस्ट्रिब्यूटरी से निकलनी है और इसका काम तकरीबन कम्पलीट हो चुका है 1-4-1990 तक काम पूरा कम्पलीट हो जाएगा। इस समय मामूली सा काम रहता है। 14-3-90	The work on Fatehabad Distributory has been completed and the work of constructing Indachhoie Minor will be taken up in Phase-III. Subject to its approval. (3-10-91)	The Committee would like to know the latest position in the assurances. (16-10-91)
71.	वर्ष 1990-91 का बजट भाषण।	**********इसके अतिरिक्त चालू वर्ष में 661 किलोमीटर लम्बे रजवाहों व नालों के पक्का होने की आशा है जिससे राज्य में पक्के नालों व रजवाहों की कुल लम्बाई 18 हजार 750 किलोमीटर हो जाएगी।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

F.O 19/1 F.O 11/8/92 F.O 1/1 F.O 21/5 F.O 27/1

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15–3–90		
72.	श्री रतन लाल कटारिया द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1037– (क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि बबैन क्षेत्र का जल स्तर नीचे चला गया है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त क्षेत्र के जल स्तर को बढ़ाने के लिए यदि कोई पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं; तो क्या ?	(क) हां। (ख) पानी की सतह को बढ़ाने के उपायों के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण का प्रस्ताव है।	Detailed field surveys have been conducted to devise suitable artificial recharge measures around Babain. Project estimate for artificial groundwater recharge measures in Haryana has been prepared for water declining areas of the state with expected cost of Rs. 3.834 crores under Haryana Irrigation III Project under world Bank Assistance and is under submission to the Govt. Following two measures are feasible in Shahabad areas :— 1. Recharge through construction of village Ponds. 2. Recharge through extension of Kharif Channels in uncommanded area :— Shahabad-Nalvi lift irrigation scheme is proposed to be taken up by the Irrigation Deptt., Haryana during the VIII Plan to augment the water supplies in the area. After commissioning of this project the water-table in this area will show improvement. The scheme is not yet approved for the year 1991-92 but it will be taken up during the VIII Plan, after getting it cleared from Central Water Commission. (3-10-91)	The Committee would like to know the latest position about this assurance. (16-10-91)
		29–3–90		
73.	श्री अजय सिंह यादव द्वारा (महेन्द्रगढ़ तथा रिवाड़ी जिलों में भूमिगत पानी का स्तर नीचे गिरने के बारे में) दिया गया वक्तव्य।	"....इस समस्या की गहराई को समझते हुए सरकार नीचे लिखे कदम उठाना चाहती है— उन क्षेत्रों में जहां के पानी की उपलब्धि की स्थिति काफी खराब है, में पड़ने वाले पम्प घरों का उच्चतम स्तर पर विद्युतिकरण करने हेतु प्रयत्न किए जाएंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

F.O. 11/8/92

F.O. 11/9/92

F.O. 27/11

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
74.	राज्य में नहरों द्वारा सिंचित भूमि के क्षेत्र संबंधी श्री सुरेन्द्र कुमार मदान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1185.	3-9-1990 * * * * * इस उत्तर में राज्य की समस्त नहर प्रणाली की सूचना सम्मिलित की जाएगी जिसके लिए कुछ समय लगेगा । इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि सूचना एकत्रित तथा संकलित करने के लिए हमें एक महीने का समय देने की कृपा करें ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ । Drop 21/5/92	
75.	तारांकित प्रश्न सं0 1230 पर श्री रण सिंह मान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "....ये प्रोमिस कर रहे हैं कि एस0वाई0एल0 के लिए 1991-92 में पांच करोड़ रुपए रख रहे हैं। उस के बाद कहीं यह कंडीशन तो नहीं लगा देंगे कि धन उपलब्ध नहीं है ?"	4-3-1991 स्पीकर साहब, मैंने एस0वाई0एल0 के लिए नहीं बल्कि जे0एल0एन0 के लिए कहा था। पिछले दिनों इन लोगों के पता नहीं क्या डिफरेंसिज थे, इस वजह से यह काम (बलाली माइनर और चांग रोड माइनर की लाइनिंग का कार्य) नहीं हो पाया लेकिन हम इस काम को अवश्य करवाएंगे ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ । F.O. 21/5 F.O. 27/1	
76.	कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 236 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या रिवाड़ी शहर और रामगढ़ भगवानपुर गांव के बीच एक पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	4-3-91 (क) जी हां। (ख) इस पुल का निर्माण वर्ष 1991-92 में कर दिया जायेगा ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ । F.O. 21/5 F.O. 27/1	
77.	श्री जय नारायण खुंडिया द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 264 का भाग (ख) तथा (ग)— (ख) क्या बास माइनर पर निर्माण कार्य पुनः आरम्भ करने का	6-3-1991 (क) जी हां। (ख) वर्ष 1991-92 में यदि धन उपलब्ध हुआ तो।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ । F.O. 21/5 F.O. 27/1	

16 (17)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ग) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त माइनर के कब तक पूरा होने की संभावना है ?			
		11-3-91		
78.	तारांकित प्रश्न संख्या 1378 पर श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न "....कुछ दिन पहले मन्त्री जी ने सभी विधायकों से एक पत्र द्वारा यह पूछा था कि आपके हल्कों में कौन कौन सी माइनर्ज का काम बाकी है। मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या विधायकों द्वारा दिये गये पत्रों के बारे में कोई कार्यवाही हुई है ?"	स्पीकर साहब, ...जहां तक मैम्बर साहेबान ने अपने हल्के की माइनर्ज के बारे में चिट्ठियां लिखी हैं उनके बारे में मैं बताना चाहूंगा कि सरकार इस साल के अन्दर-अन्दर 150 माइनर्ज पर काम शुरू करेगी ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-O 21/5 F-O 27/1	
		12-7-91		
79.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई बहस के उत्तर के दौरान श्री पीर चन्द द्वारा पूछा गया प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मुख्य मन्त्री जी मेरी बात को तो भूल ही गए हैं। मैंने अपने हल्के की सारी बातें अभी थोड़ी देर पहले बोलते हुए मुख्य मन्त्री जी को नोट करवा दी थी। जब मैं बोल रहा था तो मैंने रंगोई नाले का भी जिक्र किया था लेकिन इन्होंने मेरी किसी भी बात का जवाब नहीं दिया।"	अध्यक्ष महोदय, वह रंगोई नाला मेरे ही वक्त में बना था। मैं ही उसको पूरा करूंगा, मेरे सिवाय उसको कोई और पूरा नहीं कर सकता।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-O 27/1	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ELECTRICITY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		1-3-1989		
80.	श्री हरनाम सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 813—"क्या सिंचाई तथा बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि— (क) यमुनानगर थर्मल प्लांट के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा (ख) पूर्वोक्त प्लांट के कब तक निर्मित किए जाने तथा चालू होने की संभावना है ?"।	(क) निर्माण कार्य अभी प्रारम्भ किया जा रहा है। (ख) निर्माण कार्य के प्रारम्भ होने से 40 मास की अवधि के अन्दर-अन्दर ही 210 मैगावाट की पहली यूनिट के चालू होने की संभावना है और दूसरी तीन यूनिट प्रत्येक 6 महीने के बाद चालू होनी संभावित है।	Orally examined the Departmental representatives. (6-11-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (6-11-91)
		10-3-1989		
81.	तारांकित प्रश्न सं० 883 पर श्री रिसाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, दोनों गांवों (चोरकरबा तथा मंजूरा में बिजली घर बनाने बारे) जमीन के लोग अपनी इच्छा से जमीन देने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं माननीय मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या मन्त्री जी उस प्रस्ताव पर दोबारा विचार करके उसे मंजूर करने की कृपा करेंगे।?"	स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने अपने मेन सवाल में दो गांवों का जिकर किया है। उनमें से एक गांव चोरकरबा है और इस गांव के पास ही एक गांव डाचर है जहां पर हम 33 के०वी० का सब स्टेशन बनाने जा रहे हैं जिससे इस गांव चोरकरबा की भी प्रोब्लम हल हो जाएगी। इस सब स्टेशन को बनाने का काम अगस्त, 1989 में शुरु कर दिया जाएगा और एक साल के अन्दर काम कम्पलीट हो जाएगा। जहां तक माननीय सदस्य के दूसरे गांव मंजूरा का ताल्लुक है, जुण्डला में एक 33 के० वी० का सब स्टेशन बनाने का मामला विचाराधीन है। ज्यों ही वह सब स्टेशन कम्पलीट होगा इस गांव की प्रोब्लम भी हल हो जाएगी।	Orally examined the Departmental representatives. (6-11-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (6-11-91)
		15-3-89		
82.	श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 861—"क्या सिंचाई तथा बिजली मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या थर्मल विद्युत संयंत्र, फरीदाबाद के धुएं द्वारा हुए प्रदूषण को रोकने के लिए कोई योजना	हां, हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड द्वारा स्थिर विद्युतिकी प्रेसीपिटेटर, जो धुएं से उत्पन्न प्रदूषण को नियंत्रित करते हैं, के स्थान पर ऐसे नए संयंत्र 7 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगाए जा रहे हैं।	Orally examined the Departmental representatives. (6-11-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (6-11-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो ऊपर यथानिर्दिष्ट प्रदूषण को रोकने के लिए अब तक क्या पग उठाए गए हैं ?"	16–1–90		
83.	तारांकित प्रश्न सं0 1016 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न, "*** फरीदाबाद में गैस-बेस्ड थर्मल प्लांट लगना था, उसकी क्या प्रगति हुई है और कब तक वह लगाया जा रहा है।"	स्पीकर साहब, बल्लभगढ़ में 216 मगावाट का गैस-बेस्ड प्रोजैक्ट लगवाने की प्रोपोजल हम सबमिट कर चुके हैं। लेकिन एन0टी0पी0सी0 के भी अंडर कंसिड्रेशन है कि 800 मैगावाट का गैस-बेस्ड प्रोजैक्ट वहां लगाया जाए। 16–1–90	Orally examined the Departmental representatives. (6-11-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (6-11-91)
84.	श्री हरनाम सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 164—क्या ढोला माजरा (शाहबाद) पिपली तथा बीजड़पुर (शाहबाद) में नए बिजली घर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त बिजली घरों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है।	शाहबाद (ढोला माजरा) में एक 220 के0वी0 सब-स्टेशन तथा नलवी (बीजड़पुर) में एक 66 के0वी0 सब-स्टेशन वर्तमान समय में निर्माणाधीन है जिनका धन की उपलब्धी पर निर्भर करते हुए लगभग वर्ष 1990–91 के अन्त तक पूर्ण हो जाना संभावित है। 16–3–90	Orally examined the Department representative. (16-11-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (6-11-91)
85.	अम्बाला शहर में 66 के0वी0 स्टेशन स्थापित करने संबंधी श्री शिव प्रसाद द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1094.	हां, अम्बाला शहर में, 66 के0वी0 उप केन्द्र वर्ष 1991–92 में पूर्ण होना निर्धारित है। 3–9–1990	Orally examined the Departmental representatives. (6-11-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (6-11-91)
86.	श्री रण सिंह मान द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1177 का भाग (क) और (ख)— (क) क्या बाढड़ा में 132 के0वी0 पावर हाऊस स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त पावर हाऊस के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?	(क) हां जी। (ख) बाढड़ा में 132 के0वी0 उपकेन्द्र को वर्ष 1991–92 तक पूरा करने का प्रस्ताव है।	It is proposed to construct a 132 KV Sub-station at Badhra which is likely to be completed by the year 1993. (10-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-2-92)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		3-9-1990		
87.	तारांकित प्रश्न सं0 1177 पर श्री रण सिंह मान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि बाढ़ड़ा में जो 132 के0वी0 सब-स्टेशन वर्ष 1991-92 तक पूरा करने का प्रस्ताव है उसका सिविल और मकैनीकल वर्कस किस लैवल पर है ?"।	स्पीकर साहब, उसके लिए एच0एस0ई0बी0 लैंड का पोजेशन ले चुका है। टैंडर भी ऐप्रूव हो गए हैं। सिविल वर्क जल्दी ही स्टार्ट कर दिया जाएगा।	Civil works are in progress and Electrical works will be undertaken subsequently. The sub-station is scheduled for completion during the year 1993. (19-2-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-2-92)
		3-9-1990		
88.	तारांकित प्रश्न सं0 1177 पर श्री श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि वर्ष 1991-92 में हरियाणा राज्य में कुल कितने 132 के0वी0 सब-स्टेशनज स्थापित किए जाने की प्रोपोजल सरकार के विचाराधीन है ?"।	स्पीकर साहब, इस वर्ष हरियाणा राज्य में आठ 132 के0वी0 सब-स्टेशनज स्थापित किए जाने की प्रोपोजल है और नौ 132 के0वी0 सब-स्टेशनज की औगमैंटेशन करनी है।	It is now planned to construct 6 New 132 KV Gr d Sub-station and augment capacity of 13 existing Sub-Station in the State during the year 1991-92. (10-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-2-92)
		3-9-1990		
89.	कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 206— क्या वर्ष 1990-91 के दौरान जिला रिवाड़ी में एक और 33 के0वी0 पावर स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	वर्ष 1990-91 के दौरान जिला रिवाड़ी के खेल तथा माडल टाऊन रिवाड़ी में 33 के0वी0 सब-स्टेशनों के निर्माण का प्रस्ताव है।	It is planned to under take construction of 33 KV Sub-stations at Model Town Rewari during 1991-92, and HUDA is being pursued to allocate land. The of 33 KV Sub-station at Khol is in progress. (10-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard 19-2-92)
		4-3-1991		
90.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 230 का भाग (क), (ख) तथा (ग)— (क) क्या धारसूल, टोहाना निर्वाचन क्षेत्र में 132 के0वी0 बिजली घर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;	(क) हां, श्रीमान जी। (ख) हां, श्रीमान जी। (ग) टोहाना चुनाव क्षेत्र में इन उप केन्द्रों का स्थल तथा पूर्ण होने का संभावित समय निम्न प्रकार है से :	It is proposed to undertake work of 33 KV Sub-stations Sandenwas and Manghera during the year 1992-93. (13-1-91)	The Committee would like to know the latest position in this regard (19-2-92)

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) क्या टोहाना निर्वाचन क्षेत्र में किसी नए 11 के0वी0 तथा 33 के0वी0 सब-स्टेशन को स्थापित करने का प्रस्ताव है; तथा (ग) यदि ऐसा है, तो किस स्थान पर तथा ऐसे सब-स्टेशन के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?	क्रम सं0 / प्रस्तावित उप केन्द्र का नाम / पूर्ण होने का संभावित समय 1. 33 के0वी0 उप केन्द्र, सदनवास 1×5 एम0वी0 ए0, 33/11 के0 वी0 — वर्ष 1992–93 में कार्य पूर्ण होना निर्धारित है। 2. 33 के0वी0 उप-केन्द्र मंघेरा 1×5 एम0वी0ए0 33/11 के0वी0 8–3–91		
91.	तारांकित प्रश्न सं0 1302 के सन्दर्भ में कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "क्या मन्त्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि घरों में लगे मीटरों पर कार्ड सिस्टम लागू करने की कोई योजना थी; अगर थी तो वह आज तक लागू क्यों नहीं की गई? अब तक लागू करने में देरी क्यों की जा रही है?	**** मीटरज के साथ कार्ड लगाने की बात ठीक है। कार्ड लगाने का भी हम प्रयास कर रहे हैं। हमारे दिल्ली के चीफ इंजीनियर का जो इलाका है उसके अन्दर जितना भी एरिया है, उसके अन्दर हमने कार्ड सिस्टम शुरू किया हुआ है। अगर वह सिस्टम कामयाब हो जाता है तो हम उस सिस्टम को सारे हरियाणा में शुरू करेंगे। 11–3–91	Meter cards at almost all consumer premises have been provided in South Zone. In North Zone, about 4.75 lakhs meter cards stand provided by November, 1991 and these are being provided to balance 7 lakhs consumers in a phased manner. (13-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-2-92)
92.	श्री हीरानन्द आर्य द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1226 का भाग (क), (ख) तथा (ग)— (क) राज्य में उन बिजली के स्टेशनों/सब स्टेशनों की संख्या कितनी है जिनका शिलान्यास गत दो वर्ष के दौरान रखा गया तथा ऐसे स्टेशनों का ब्योरा क्या है जो मुकम्मल हो चुके हैं अथवा निर्माणाधीन हैं;	(क) पिछले 2 वर्षों के दौरान 12 उप केन्द्रों का शिलान्यास किया गया जिनमें से छः उपकेन्द्र निर्माणाधीन हैं। अन्य उपकेन्द्रों के निर्माण के लिए टैंडर आमन्त्रित किये जा चुके हैं। (ख) 8 उपकेन्द्रों को वर्ष 1991–92 तक तथा 4 उपकेन्द्रों को वर्ष 1992–93 तक पूरा किया जाना संभावित है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। S.O. 7-9-92	

क्र0-सं0-	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) ऊपर के भाग (क) में यथा-निर्दिष्ट निर्माणाधीन स्टेशनों के कब तक मुकम्मल होने की संभावना है; तथा (ग) उन स्टेशनों/सब स्टेशनों का ब्यौरा क्या है जिन पर इस समय अतिभार है तथा इन स्टेशनों के अतिभार को कम करने के लिए क्या पग उठाए गये या उठाए जाने वाले प्रस्तावित हैं?	(ग) वर्तमान समय में 49 उपकेन्द्र (अतिभार) हैं; इनकी पहचान कर ली गई है। इन उपकेन्द्रों के ओवरलोडिंग (अतिभार) को कम करने के लिये निम्नलिखित पग उठाये गये हैं या उठाये जाने प्रस्तावित हैं— (1) अतिभार वाले उपकेन्द्रों की क्षमता में वृद्धि करना प्रस्तावित है। इस के अतिरिक्त नये उपकेन्द्र भी निर्मित किये जाएंगे। (2) वोल्टेज स्तर को सुधारने के लिये विभिन्न उपकेन्द्रों पर एच0टी0 कपैसिटर प्रतिस्थापित किये जा रहे हैं।		
93.	तारांकित प्रश्न संख्या 1226 के सन्दर्भ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मन्त्री महोदय ने जो संख्या पिछले दो वर्षों के दौरान 12 सब स्टेशनों के शिलान्यास रखने के बारे में बतायी है उनके बारे में इनसे जानना चाहूंगा कि इन में से कितनों पर काम चल रहा है और जिनके टैण्डर्ज काल किये गए हैं, उनके नाम क्या हैं? ये कहां कहां पर बनाये जा रहे हैं या बनाए जाएंगे। इनकी जानकारी के लिये मैं यह बताना चाहूंगा कि एक सब स्टेशन पहाड़ी नेकीपुर का भी शिलान्यास किया गया था और इसे मार्च, 91 तक पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया था। इसी तरह से लोहारू सब स्टेशन की कैपेसिटी बढ़ाने के लिये कहा गया था और इसे 91—92 तक कम्पलीट करने की बात कही थी। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि जो घोषणा उस समय की गई थी क्या वह इन 12 स्टेशनों में शामिल है?"	11—3—91 स्पीकर साहब, पिछले दो वर्षों के दौरान जो जो नींव पत्थर रखे गये हैं उनके नाम बता देता हूं। इस के अलावा जिन जिन सब स्टेशनों के बारे में इन्होंने पूछा है, उनकी भी स्थिति क्लियर कर देता हूं कि पहाड़ी नेकीपुर की फाईनैंशियल और एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल दी जा चुकी है और यह सब स्टेशन 1992—93 तक पूरा हो जाएगा। जहां तक लोहारू सब स्टेशन की कैपेसिटी बढ़ाने की बात है उसका नींव पत्थर 9—7—90 को उस समय के मुख्य मन्त्री श्री बनारसी दास गुप्ता जी द्वारा रखा गया था ** जिस समय इसका नींव पत्थर रखा गया था उस समय इस की फाईनैंशियल और एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल नहीं ली गई थी। अब जब इन का सवाल आया तो उसके बारे मैंने बोर्ड को कहा कि इसकी फाईनैंशियल और एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल क्लियर कर दी जाए। इसलिए अब ये दोनों ही एप्रूवल जल्दी ही क्लियर हो जाएंगे और इसे भी 1992—93 तक पूरा कर लेंगे **** 12 सब स्टेशन पर जहां पर काम हो रहा है उनके नाम हैं; शाहबाद, सांगा, रानिया, लोहारू, ऐलनाबाद, दड़वी, पहाड़ी नेकीपुर, नेहला, अग्रोहा, दनोदा कला, गन्दा और उकलाना।	Work on 33 KV Sub-station Nakipur is being undertaken during 1991-92 and is scheduled for completion during 1992-93. The work on 132 KV Sub-station Loharo is likely to be taken up during 1992-93 and will take 2 years for completion. (13-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-2-92)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15-3-91		
94.	श्री अशोक कुमार, एम0एल0ए0 द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1303 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या वर्ष 1991-92 के दौरान थानेसर निर्वाचन क्षेत्र में बिजली का सब-स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; (ख) यदि ऐसा है, तो किस जगह पर तथा उसके बाद कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?	(क) हां, श्रीमान जी। (ख) पिपली के पास 132 के0 वी0 उप बिजली घर (सब-स्टेशन) स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह सब-स्टेशन (उप बिजली घर) वर्ष 1992-93 के दौरान चालू होना संभावित है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		11-7-91		
95.	ध्यानाकर्षण सूचना सं0 1 तथा 4 के संदर्भ में श्री लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : "अभी मंत्री जी ने स्टेटमैंट में बताया है कि जुलाई के महीने में प्रारम्भिक दस दिनों में 700 के लगभग नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो गए हैं। इनको प्रयोग में लाने से जून के अन्त तक जले हुए लगभग 630 ट्रांसफार्मर बदले जा सकेंगे। स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि 200 ट्रांसफार्मर हरियाणा प्रान्त से यू0पी0 में क्यों भेजे गए जब कि हमारे प्रान्त में फसल जली पड़ी है। जब हमारे घर में फसल जली पड़ी है तो यू0पी0 में ट्रांसफार्मर भेजने का क्या तुक था?"	"...इन्होंने एक ट्रांसफार्मर भी नया रिपेयर के लिए ऐड नहीं किया है और पिछले 15 दिन में भजन लाल की सरकार 700 से लेकर 950 ट्रांसफार्मर की क्षमता इस सरकार ने रिपेयर के लिए बढ़ाई है। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि हम 1500 ट्रांसफार्मरों की मुरम्मत हर महीने करने की क्षमता बहुत जल्दी बनाने वाले हैं।"	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		11-7-91		
96.	ध्यानाकर्षण सूचना सं0 1 तथा 4 के संदर्भ में श्री लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : "अभी मन्त्री जी ने स्टेटमैंट में बताया है कि जुलाई के महीने के प्रारम्भिक	"अध्यक्ष महोदय, मैं आंकड़े देना चाहूंगा कि कहां पर कितने कितने ट्रांसफार्मर डैमेजड हैं और बिजली की सप्लाई की क्या पोजीशन है। फरीदाबाद में केवल 20 ट्रांसफार्मर डैमेजड हैं। इन को एक हफ्ते में	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

F.O. 7/9

F.O. 7/9/92

F.O. 29/9

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	दस दिनों में 700 के लगभग नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो गए हैं। इनको प्रयोग में लाने से जून के अन्त तक जले हुए लगभग 630 ट्रांसफार्मर बदले जा जा सकेंगे। स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि 200 ट्रांसफार्मर हरियाणा प्रान्त से यू0पी0 में क्यों भेजे गए जब कि हमारे प्रान्त में फसल जली पड़ी है। जब हमारे घर में फसल जली पड़ी है तो यू0 पी0 में ट्रांसफार्मर भेजने का क्या तुक था ?"	बदल देंगे।"........ .... हाऊस को विश्वास दिलाता हूं कि एक सप्ताह या 10 दिन के अन्दर अन्दर एक भी ट्रांसफार्मर हरियाणा में ऐसा नहीं होगा जो सरकार बदल न देगी और आगे के लिए हम पूरा बैंक बनाएंगे।" ******		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PUBLIC WORKS DEPARTMENT

(B. & R. BRANCH)

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does note relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
97.	तारांकित प्रश्न सं0 1078 के संदर्भ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इस दौरान में कितनी लम्बी सड़कें (लिंक रोडज) बन चुकी हैं और कितनी सड़कें अन्डर कंस्ट्रक्शन हैं ? जो सड़कें अंडर एंस्ट्रक्शन हैं वे कितनी लम्बी हैं और वे कब तक बनकर तैयार हो जाएंगी।"	19-3-90 सरकार ने ऐसी 900 कि0मी0 लम्बी सड़कें बनाने का फैसला लिया था। इस साल 450 किलोमीटर लम्बी सड़कों पर काम चल रहा है और इन में से 90 किलोमीटर सड़कें इसी साल के अन्त तक मुकम्मल हो जाएंगी। मैं इनकी जानकारी के लिए यह भी बता देना चाहता हूं कि कुछ सड़कें अन्डर कंस्ट्रक्शन हैं, कुछ पर अर्थ वर्क हो चुका है, कुछ पर पत्थर बिछाया जा चुका है और कुछ की सोलिंग हो चुकी है।	उतर प्राप्त नहीं हुआ।	
98.	तारांकित प्रश्न संख्या 1034 के संदर्भ में श्री रतन लाल कटारिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, यह बड़ी खुशी की बात है कि माननीय मन्त्री जी ने किसी सवाल का "यस" में तो जवाब दिया। लेकिन इन्होंने 'बी' भाग का जवाब दिया है कि इम्पलिमैंटेशन फण्डज की अवेलेबिलिटी पर डिपैंड करेगी। स्पीकर साहब, मेरा सवाल यह है कि क्या लाडवा से शाहबाद वाया बबैन स्टेट हाई-वे हमारे ही कार्यकाल में बन कर तैयार हो जाएगी या बाद में तैयार होगी?"।	12-3-90 स्पीकर साहब, मैंने सदस्य महोदय के मेन सवाल के पार्ट "ए" का जवाब "यस" में दिया है और जो इन्होंने अब सप्लीमैंटरी किया है, उस पर भी विचार कर लिया जाएगा। F.0 18/8/92	धन के अभाव के कारण सुझावित कार्य को चालू वित्त वर्ष में हाथ में लेना सम्भव नहीं है। फिर भी दिए गए आश्वासनानुसार कार्य को धन की उपलब्धी के अनुसार हाथ में लिया जाएगा। अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाए। 19-2-91	कमेटी इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (23-8-91)
99.	तारांकित प्रश्न संख्या 1062 पर श्री सुरेन्द्र कुमार मदान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि 156 (सड़कों, पुलों, इमारतों तथा जल प्रदाय टैंकों के नमूने) नमूने कम स्तर के पाए गए। क्या ये काम रिजैक्ट कर दिए गए या दो-	20-3-90 अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न मोड़ तोड़ कर बहुत बार पेश किया गया है। पुरानी सरकार के वक्त की यह शिकायत है और ऐसा भी सुनने में आया था कि उस वक्त के अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिल कर कुछ गड़बड़ की थी। सरकार उसकी नये सिरे से इन्क्वायरी करवाने का आश्वासन देती है।	सड़कों, पुलों, भवनों एवं वाटर टैंकस के घटिया सम्पलज जो रिसर्च लैबोरेट्री हरियाणा द्वारा वर्ष 1980-81 से 1985-86 के दौरान परीक्षण किए गए की जांच हेतु श्री एस0सी0	The Committee would like to know the action taken on the inquiry report submitted by Shri H.C. Sethi Superintending Engineer with in a period of one month positively. (23-8-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बारा ठेकेदारों से करवाये गए जो काम ठेकेदारों से दोबारा करवाए गए, क्या उनमें से किसी के बारे में स्पैसिफिकली बताएंगे ?"।		सेठी, अधीक्षक अभि–यन्ता, चण्डीगढ़ परि–मण्डल लोक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क शाखा चण्डीगढ़ को सरकार के आदेश दिनांक 11–5–90 द्वारा जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच अधिकारी ने सरकार को अपनी रिपोर्ट दिनांक 18–2–91 को प्रस्तुत कर दी है। जिसका निरीक्षण किया जा रहा है। (26–4–91.)	
100	तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "...इन्होंने (पी0 डब्ल्यू0 डी0 मिनिस्टर) अपने लिखित उत्तर में कहा है कि रिवाड़ी के अन्दर बाई पास नहीं बनाया जायेगा मैं इन्हें पुनः बताना चाहूंगा कि रिवाड़ी नया जिला बन गया है और वहां पर ट्रैफिक भी बहुत अधिक बढ़ गई है जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मैं इन से जानना चाहता हूं कि हैवी ट्रफिक को ध्यान में रखते हुए वहां पर यह रोड बनाया जाना क्यों पौसिबल नहीं है ?"।	29–3–90 "...मैं सदस्यों की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार ने केन्द्र सरकार को नेशनल हाई वे नं0 8 व 10 को मिलाने के लिए लिखा है।	नेशनल हाईवे नम्बर 8 व 10 को मिलाने सम्बन्धी राजस्थान में कोटपुतली से नारनौल-महेन्द्रगढ़-दादरी-भिवानी-जीन्द-पातरां से पंजाब सीमा तक 223 कि. मी. लम्बाई के राज्य मार्ग को राष्ट्रमार्ग एक्सप्रैस मार्ग परिवर्तन करने बारे भेजे गए प्रस्ताव को भूतल परिवहन मंत्रालय ने इस आधार पर स्वीकार नहीं किया था कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग नम्बर 1 को पहले ही चार मार्गी बनाने के लिए चुन लिया गया है। माननीय मुख्य मंत्री महोदय, हरियाणा ने	कमेटी इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (23-8-91)

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अपने स्तर पर पुन: इस बारे भूतल परिवहन मंत्रालय न राज-मार्गों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग/एक्सप्रेस मार्गों ब द । हुआ है । जिसकी स्वीकृति अभी प्राप्त नहीं ई। (21-3-91)	
		29-3-90		
101.	तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से पुन: जानना चाहता हूं कि जब यह स्वीकृति (रिवाड़ी-झझर और रिवाड़ी-नारनौल रेलवे लाईन पर ऊपरी पुल) 1986 में मिल गई थी तो इसको बनाये जाने में अब देरी क्यों है?"।	इस बारे में मैं, इन्हें बताना चाहूंगा कि ऐसे पुलों के लिए 50 परसैंट पैसा हरियाणा सरकार की तरफ से और 50 परसैंट पैसा रेलवे की तरफ से दिया जाना होता है। इन पुलों के बनाये जाने के लिये हमने रेलवे वालों के साथ अब तक 18 लैटर्ज का आदान-प्रदान किया है। जब रेलवे वाले अपना सैंक्शन कर देंगे तो हम काम शुरू कर देंगे। हमारी तरफ से कोई देरी नहीं है और न ही कोई कमी है।	(i) रिवाड़ी झझर सड़क पर ऊपरी रेलवे पुल के निर्माण बारे प्रमुख अभियंता हरियाणा लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा ने रेलवे को उन द्वारा कब वर्कस प्रोग्राम में सम्मिलित किया जाना है बारे पुछा है रेलवे ने अभी तक इस बारे में कोई सहमति नहीं दी है। इस मामले में रेलवे प्रशासन के साथ हुई नवम्बर की मिटिंग में भी उठाया गया था। रेलवे कार्य को वर्कस प्रोग्राम में सम्मिलित करने के उपरान्त ही निधि प्रदान करती है। राज्य की वित्तीय स्थिति जटिल होने के कारण इस कार्य को वर्ष 1990-91 के बजट तथा 1991-92 के बजट प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं किया गया है।	The Committee took objection to the reply given by the Department that the assurance under reference was no an assurance as the department had no authority to say that which was an assurance or not. It was the power of the Committee to decide about an assurance. The Committe decided to orally examine the departmental representives in one of its subsequent meeting. (23-8-91)

F.O 18/8/92

F.O 18/2

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			(i) रिवाड़ी नारनौल सड़क पर रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण बारे कोई प्रस्ताव नहीं है। (21-3-91)	
102.	तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "मैंने इनसे जानना चाहा था कि कितने ब्रिजिज बनने प्रस्तावित हैं? इसके अलावा फरीदाबाद के बारे में गुप्ता जी ने जो फरमाया था उसके बारे में भी इन्होंने कुछ नहीं कहा।"	29-3-90 अध्यक्ष महोदय, बड़खल लेक को जो सड़क जाती है उस पर ओवर ब्रिज बनाने की तजवीज है जिसके लिए आधा पैसा हुड्डा दे रहा है और आधा पैसा रेलवे देगा। पुल सैंक्शनड हो चुका है और हमने अपना शेयर जमा भी करा दिया है।	क्योंकि यह एक डिपजिट कार्य है इसलिए बड़खल के नजदीक एक रेलवे ऊपरी पुल के निर्माण का कच्चा अनुमान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजा गया था। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कच्चे अनुमान की कुल लागत के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के स्थान पर कुछ हिस्से की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। तदानुसार यह मामला हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को सही प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु दोबारा प्रेषित किया गया था। इतने में मूल कच्चा अनुमान तैयार किये जाने के समय से माल की लागत एवं मजदूरी की दर से वृद्धि होने के कारण, टैण्डर रेट के आधार पर पुल कार्य एवं पहुंच मार्ग हेतु	The Committee took a serious view to the tendency of the Department to given a reply that it was not an assurance. The Committee warned the officers of the department not to give such a reply as they had no jurisdiction to encourage upon the power of the Committee. However the Committee would like to know the latest position in this regard. (23-8-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अनुमानित लागत 436.20 लाख रुपये बन गई है। इसी के अनुसार 436.20 लाख रुपये का संशोधित कच्चा अनुमान जिसमें रेलवे का हिस्सा 214.40 लाख रुपये तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का हिस्सा 221.80 लाख रुपये है। पूर्व 162.10 लाख रुपये प्रशासकीय स्वीकृति के विरूद्ध संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने हेतु 15-5-91 को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को भेजा गया था। इसके साथ यह भी प्रार्थना की थी कि वे अण्डरटेकिंग दे कि जितना भी इससे अतिरिक्त खर्चा होगा वह उनका विभाग जमा करवायेगा। संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति अभी अपेक्षित है। इतने में इस कार्य के टैण्डर प्राप्त हो चुके हैं। उन पर कार्यवाही की जा रही है यह कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने पर शुरू कर दिया जायेगा। क्योंकि यह कोई आश्वासन नहीं है इसलिए अनुरोध किया जाता है कि इसको पटाक्षेप कर दिया जाये। (30-7-91)	

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		29-3-90		
103.	तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा आदरणीय मन्त्री महोदय से जानना चाहूंगा कि, क्या कैथल में ओवर ब्रिज बनाने के लिए सरकार विचार करेगी ?"	स्पीकर सर, विचार कर लिया जाएगा।	ऊपरी पुल के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया जा चुका है जैसा कि सरकार को पहले सूचित किया हुआ है। इस ऊपरी पुल का निर्माण का तकनीकी आधार पर औचित्य नहीं बनता। (30-7-91)	The Committee would like to know the reasons for not construct the over bridge in Kaithal on the Technical ground. (23-8-91)
		3-9-1990		
104.	कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 209 का भाग (क) तथा (ख) — (क) क्या रिवाड़ी में लघु सचिवालय तथा न्यायिक संव्यूह के लिए इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त इमारतों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?	(क) जी, हां। (ख) इस स्थिति में इन इमारतों के निर्माण का समय दिया जाना संभव नहीं है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		4-9-90		
105.	श्री रतन लाल कटारिया द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1161 का भाग (क)— (क) क्या राज्य में क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	हां। *** मुरम्मत का कार्य धन की उपलब्धी के ऊपर निर्भर है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		6-3-1991		
106.	राव रामनारायण द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1369 के भाग (घ) के उत्तर में — ****** (घ) गांव गामड़ी (नेहरुगढ़) में सड़क को उठाने का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है ?	गांव गामड़ी की सड़क को ऊंचा करने का कार्य जून, 1991 तक पूरा हो जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

Handwritten annotations: "Drop 18/8/92" (item 103), "21"; "Related to Revenue Deptt. Vide committee decision dated 18/8/1992", "F.O. 2916" (item 104); "F.O. 28/10/92", "F.O. 18/8/92" (item 105); "Drop 7/10/92", "22" (item 106).

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		6-3-1991		
107.	तारांकित प्रश्न 1369 पर श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मंत्री जी ने बताया है कि धन की कमी है इस कारण सड़कें पूरी नहीं हो रही हैं। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या ऐसा नहीं हो सकता कि जो सड़कें अधूरी पड़ी हैं, सरकार उनको पहले पूरा करे और बाद में नई सड़कों का काम हाथ में ले?"	स्पीकर साहब, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि जो सड़कें अधूरी हैं हम पहले उनको लेंगे और बाद में दूसरी सड़कों को लेंगे। F.0 7/10/92	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		6-3-1991		
108.	श्री जय नारायण खुंडिया द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 262 का भाग (क) (i)—		उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
	(क) क्या निम्नलिखित सड़कों के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है :— (i) सुडाना से काहनौर * * * * * * * *	(क) (i) जी हां। सुडाना से काहनौर तक सड़क का निर्माण 31-3-92 तक पूरा होने की संभावना है।	F.0 7/10/92	
		7-3-91		
109.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1244 का भाग (क)—		उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
	(क) क्या टोहाना निर्वाचन क्षेत्र में निम्नलिखित सड़कों के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है :— 1. हिन्दलवाला, लखुवाली ढाणी सड़क से ढाणी टेलन तक; 4. साहू से सांचियावाला तक।	(क) क्रमांक सं0 1 व 4 पर अंकित सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव है। F.0 7/10/92		

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-3-91		
110.	तारांकित प्रश्न संख्या 1243 के संदर्भ में डा0 हरनाम सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—		उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
	"स्पीकर साहब, सड़क बनाने का टारगेट (सारी स्टेट में) दो सौ किलोमीटर का था लेकिन 102 किलोमीटर सड़क इसमें दिखाई गई है और जो सड़कें इस में बनी हैं उन पर कहीं दो लाख खर्च हुआ है, कहीं एक लाख खर्च हुआ है, और कहीं पर डेढ़ लाख खर्च हुआ है। क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या कहीं पर इस से भी कम खर्चा हुआ है ?"	स्पीकर साहब, यह ठीक है कि टारगेट पूरा नहीं हुआ, हमने मैटीरियल ले रखा है अब गर्मी आ गई हैं, इसलिये अब काम शुरू करेंगे ।		
		12-3-91		
111.	तारांकित प्रश्न संख्या 1243 के संदर्भ में श्रीमती कमला वर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—		उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
	"अध्यक्ष महोदय, मन्त्री महोदय ने बताया कि हम जन-सुविधा को देख कर सड़क बनाते हैं। क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि यमुनानगर से पिपली तक सड़क टूटी है, इसकी रिपेयर करवा देंगे ?	स्पीकर साहब, इस सड़क की रिपेयर की बात बहन जी ने अभी हमारे नोटिस में लाई हैं हम जल्दी से जल्दी इस पर काम करवाएंगे ।		
		12-3-91		
112.	श्री भाग मल द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1412 का भाग (क) तथा (ख)—		उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
	(क) क्या सढ़ौरा नदी पर पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; तथा	(क) जी हां।		
	(ख) यदि ऐसा है तो पूर्वोक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	(ख) पुल का निर्माण धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।		

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-3-91		
113.	श्री बूटा सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1405— क्या गुहला निर्वाचन क्षेत्र में ढन्डोता में घग्गर नदी पर एक पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो उक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	(क) जी हां। पुल का निर्माण धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। F.O 7/10/92	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-91		
114.	श्री महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1384 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या गांव तिगांव मन्झौली (फरीदाबाद) में यमुना नदी पर एक पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	(क) जी हां। गांव मंझौली के निकट एक पुल बनाने का प्रस्ताव है। इस पुल का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाना है तथा केवल पहुंच मार्ग का निर्माण हरियाणा सरकार द्वारा किया जाना है। (ख) इस पुल के निर्माण का समय निर्धारित नहीं किया जा सकता क्योंकि इस पुल का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार से स्वीकृति करने के बाद ही किया जाना है जिसके लिए उन्होंने भूतल परिवहन मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.O 7/10/92	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PUBLIC WORKS DEPARTMENT
PUBLIC HEALTH

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		10–3–89		
115.	तारांकित प्रश्न संख्या 867 पर श्री मंगल सैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं कि इस (कैबिनेट की एक सब कमेटी जो वाटर रेट्स, ओक्ट्राय रेंटस व सीवरेज रेटस रिवाईज बारे बनाई हुई है) सब कमेटी का फैसला कब तक हो जाएगा।"	जल्द ही हो जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। स्थानीय शासन विभाग को स्थानान्तरित कर दिया गया है vide PWD (Public health) letter No 14054, dated 22-10-91	
		10–3–89		
116.	तारांकित प्रश्न संख्या 867 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, मैं मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि वाटर चार्जिज और डिवैल्पमैंट चार्जिज बढ़ाते हुए शहरी आबादी के अन्दर वेतनभोगी लोगों और मजदूरों की इंकम का भी कोई क्राईटेरिया रखा गया या नहीं ?"	स्पीकर साहब, यह सारा मामला कमेटी के जेरे गौर है क्या क्राइटेरिया था, क्या नहीं था इसको ठीक तरह से फालो किया है या नहीं इन सारी बातों पर गौर करके कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। स्थानीय शासन विभाग को स्थानान्तरित कर दिया गया vide PWD (Public Health) letter No. 120-PH:5 dated 9-1-92	
		25–3–1988		
117.	तारांकित प्रश्न संख्या 23 पर श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–" फरीदाबाद में पीने के पानी की भारी समस्या है क्या मन्त्री महोदय इस समस्या को हल करेंगे ?" स्थानीय शासन विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया vide PWD (Public Health) letter No. 120 PH dated 9.1.92	इस समय ऐसी शिकायत मेरी जानकारी में नहीं है कि फरीदाबाद में पानी की कमी है। लेकिन मैं श्री भाटिया की जानकारी के लिए उन्हें बताना चाहूंगा कि 20 करोड़ रुपये की एक योजना हुड्डा और फरीदाबाद कम्पलैक्स दोनों ने मिल कर तैयार की है इस योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ गैलन पानी यमुना नदी में ट्यूबवैल लगा कर सप्लाई किया जाएगा। दस लाख रुपए इस योजना के लिए दिए गए हैं। भूमि अधिग्रहण के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं।	इस विषय पर कार्यालय को भी अभी तक केवल 6.40 लाख रु0 प्राप्त हुए हैं। तथा एक कुएं के लिए, भूमि फरीदाबाद मिश्रित प्रशासन फरीदाबाद ने अभिग्रहण की है। इस के अतिरिक्त न तो मिश्रित प्रशासन फरीदाबाद और न हुड्डा ने कोई भी धन राशि जमा कराई है। इसलिये इस स्कीम पर कोई भी कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका। (14-2-90)	The Committee would like to know as to why this scheme has not been completed uptil now inspite of the fact that the Govt. gave categorical assurance on the floor of the House that Rs. 20 crores would be spent on this scheme. The Committee would like to know the reasons as to why this scheme has not been completed. The Committee would also like to know the latest position of the scheme. (2-1-91)
		22–2–89		
118.	अनाज मंडी सढौरा में पीने के पानी की सुविधा संबंधी श्री भाग मल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 107	हां जी। इस वर्ष 1989–90 में पूर्ण किए जाने की संभावना है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। हरियाणा राज्य मार्केटिंग बोर्ड को स्थानान्तरित कर दिया गया vide PWD (Public Health) letter No. 14056 dated 22-10-91	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		13-9-89		
119. (24)	श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 993 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या फरीदाबाद की जवाहर, डबुआ तथा गांधी बस्तियों के मकानों को पानी के कनैक्शन देने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो ऊपर के भाग (क) में यथा निर्दिष्ट मकानों को पूर्वोक्त पानी के कनैक्शन कब तक दिए जाने की संभावना है?	(क) हां। (ख) समय निश्चित करना सम्भव नहीं है। यह धन राशि के उपलब्ध होने पर निर्भर करता है।	F.O 25/8 उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। स्थानीय शासन विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है Vide PWD (Public Health) letter No. 10 dated 9-1-92	Drop 19/8/92 (25)
		13-9-89		
120.	तारांकित प्रश्न सं0 993 पर श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछा गया अनपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब अगर पैसा आने तक इन्तजार करनी है तो मैं यह कहूंगा कि डबुआ कालोनी और जवाहर कालोनी में पांच सौ कनैक्शन दिए हुए हैं। अगर साथ साथ यह आदेश दे दें कि जो आदमी डिवैल्पमैंट चार्जिज और हाउस टैक्स दे देगा। उसको घर में कनैक्शन मिल जाएगा। ऐसा करने से पैसे की समस्या आटोमैटिकली हल हो जाएगी।	स्पीकर साहब, इनका सुझाव बहुत अच्छा है, हम ऐसा ही करेंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। स्थानीय शासन एवं निकाय को स्थानांतरित कर दिया गया है Vide PWD (Public Health) letter No. 14054 dated 22-10-91	
		15-3-90		
121.	कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया—तारांकित प्रश्न सं0 1087— (क) क्या रिवाड़ी कस्बे में नहरों द्वारा पेय जल सप्लाई करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा	(क) जी हां।	(क) जी हां। (ख) जलघर बनाने के लिए कुलाना गांव में भूमि अधिग्रहण कर ली गई है। तथा योजना के लिए उचित धन राशि F.O 19/8/92	F.O 25/8

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) यदि ऐसा है, तो ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट योजना को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है ?	(ख) इस स्कीम के लिए 347.00 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति हरियाणा राज्य सफाई बोर्ड ने अपने प्रस्ताव क्रमांक 30 दिनांक 8-8-89 द्वारा प्रदान कर दी है। 16-3-90	उपलब्ध न होने के कारण अभी जलधर का निर्माण आरम्भ न हो सका । (13-2-91)	
122.	वर्ष 1990-91 के बजट पर सामान्य चर्चा।	* * * * * * * * * एक टारगैट फिक्स किया गया है कि इसी साल 31 दिसम्बर तक प्रत्येक गांव में पाईप्ड वाटर यानी पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाया जाएगा ।	1-12-89 को हरियाणा में केवल 1058 गांवों में (319 ससस्यायुक्त तथा 739 असमस्यायुक्त) रह गये थे जिस में अभी पेयजल योजनाएं चालू करनी शेष थीं । मुख्य मन्त्री की घोषणा के अनुसार 31 दिसम्बर 1990 तक इन सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधायें प्रदान करनी थी । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये एक एक्शन प्लान बनाया गया तथा शेष सभी 721 गांवों के लिए जिनके अनुमान अनुमोदित नहीं थे। 24-1-90 की सैनेट्री बोर्ड की विशेष बैठक में 27.42 करोड़ रु० का अनुमोदन करवाकर फरवरी में कार्य चालू किया गया। इन योजनाओं के लिए एम० आई० टी० सी० की सहायता से 220 नलकूप लगवाये गये तथा बिजली बोर्ड हरियाणा से बिजली के कनैक्शन भी मंजूर करवाये गये । उपरोक्त प्रयत्नों से 31-12-90 तक 617 गांवों में पेयजल सुविधाएं जुटाई जा सकी हैं ।	The Committee decided to orally examine the departmental representatives in one of its subsequent meetings. (23-8-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			शेष गांवों में प्रर्याप्त मात्रा में प्रतिमास धनराशि उपलब्ध न होने के कारण यह लक्ष्य 31-3-91 तक बढ़ा दिया गया था। पिछले 3 मास में उपयुक्त पाईपें उपलब्ध न होने के कारण कार्य रुका हुआ है। जिसके शीघ्र ही दोबारा आरम्भ होने की संभावना है। यह आशा की जाती है कि 441 शेष गांवों में अधिक से अधिक गांवों में 31-3-91 तक पेय-जल सुविधायें उपलब्ध करवा दी जाएगी। तथा शेष गांवों में भी यह सुविधा वर्ष 91-92 के मध्य तक जुटा दी जाएंगी। जहां तक रिवाड़ी शहर में पानी की कमी का प्रश्न है उसे दूर करने के लिएदो अतिरिक्त ट्यूब-वैल लगाने का अनुमान है। 13-6-90 को राज्य सीवरेज बोर्ड से 5 लाख रूपये का अनुमोदित करवाया गया है तथा 4.00 लाख रु0 कार्यान्वित करने के लिए प्रदान किये गये हैं। इनमें से एक ट्यूबवैल लगा दिया गया है। तथा दूसरे पर कार्य प्रगति पर है। यह आशा की जाती है कि इस वर्ष 1990-91 के अन्त तक दोनों नलकूप चालू कर दिये जायेंगे। (13-2-91)	

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-91		
123.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1246 का (क) तथा (ख) :— (क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि टोहाना निर्वाचन क्षेत्र की तहसील टोहाना तथा भूना में पेय जल की सप्लाई अपर्याप्त है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो वहां पर पेय जल की पर्याप्त सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए क्या पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं?	(क) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र टोहाना के कुछ गांवों और टोहाना नगर के कुछ भागों में पीने के पानी की सप्लाई अपर्याप्त है। (ख) जल वितरण योजनाओं की बढ़ौतरी के लिये आवश्यक पग उठाए जा रहे हैं।	ग्रामीण क्षेत्र में 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन की दर से पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कुल 70 गांवों में 20 ऐसे हैं जहां यह सुविधा उपरोक्त दर से कम हैं परन्तु 20 लीटर से अधिक है। इनमें से 7 गांवों की डांगरा ग्रुप की बढ़ौतरी का कार्य प्रगति पर है तथा शेष 13 गांवों के लिये बढ़ौतरी के अनुमान राज्य शुचितारोग्य मण्डल से अनुमोदित करा कर वर्ष 1991-92 में कार्य आरम्भ किया जायेगा। (12-12-91)	The Committee decided to orally examine the representatives of concerned department in one of its subsequent meeting.
		14-3-91		
124.	तारांकित प्रश्न सं0 1246 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—क्या मन्त्री जी बताएंगे कि इन्होंने कौन कौन से और कितने कितने फुट के पग उठाए हैं? (हंसी)	* * * * * * फिर भी हमने 1987 में एक बूस्टिंग स्टेशन की मंजूरी दी, उसके बाद हमने नगरपालिका को कहा कि आप हमें यह स्टेशन बनाने के लिए जमीन दें। लेकिन नगरपालिका ने कोई जमीन नहीं दी। अब बड़ी मुश्किल के बाद हमारे महकमे के आफिसर्ज ने मेहनत करके स्वास्थ्य विभाग जो कि भारद्वाज जी के पास है, से थोड़ी सी जमीन ली है, वहां पर हम बूस्टिंग स्टेशन लगाने जा रहे हैं। बूस्टिंग स्टेशन लगाने के लिए टैंडर काल किए जा चुके हैं और वह टैंडर 19 तारीख को खुलेंगे। टैंडर खुलने के बाद बूस्टिंग स्टेशन बनाने का काम बहुत जल्दी शुरू कर दिया जाएगा। जब बूस्टिंग	इस विषय में सूचित किया जाता है कि बूस्टिंग स्टेशन बनाने का कार्य प्रगति पर है और लगभग 60% कार्य पूरा हो चुका है। आगामी दो मास में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा और उक्त बूस्टिंग स्टेशन चालू हो जाने के बाद गोहाना नगर में पीने के पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी। (12-12-91)	The Committee decided to orally examine the representatives of concerned department in one of its subsequent meeting.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		स्टेशन बन जाएगा उस समय टोहाना में पीने के पानी की कोई दिक्कत नहीं रहेगी ।		
		12-7-91		
125.	ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 2 व 6 के बारे में श्री अमर सिंह धानक एम0एल0ए0 द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "...मैं बवानीखेड़ा हल्के के 72 गांवों के लोगों को धन्यवाद देने के लिए गया था और तोशाम हल्के के 102 गांवों में चौ0 बंसी लाल जी के साथ गया था। वहां पानी की कमी है ।*** नलवा वाटर सप्लाई स्कीम में 8 गांव पड़ते हैं, वे हैं—नलवा, दायमा, बालवास, कंवारी, धमाना, गुंजार और भोजराज आदि आदि । इन सारे गांवों में पानी की स्थिति ऐसी ही है ।***	"....424 गांवों में से 275 गांवों में पीने का पानी जितना पहुंचना चाहिए उतना नहीं पहुंचता हम यह कोशिश करेंगे कि जहां जहां पर भी बहुत पहले वाटर सप्लाई स्कीम चलाई गई और अब उन गांवों की आबादी बढ़ गई है उन गांवों के लोगों को पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की तरफ हम सबसे पहले ध्यान देंगे और बहुत जल्दी ही इन गांवों में हम पूरा पीने का पानी उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे ।"	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-7-1991		
126.	ध्यानाकर्षण सूचना सं0 2 व 6 के बारे में श्री अमर सिंह धानक, एम0 एल0 ए0 द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "क्या ड्रिंकिंग वाटर की जरूरत पूरी करने के लिए किसी उच्च अधिकारी की या चीफ इंजीनियर की अध्यक्षता में कोई कमेटी बैठाएंगे जो 15 दिन में अपनी रिपोर्ट दे दे ताकि सारा डेटा प्रैक्टीकली इनके सामने आ जाए ?"	"...15 दिन में रिपोर्ट मंगाना इसलिए ठीक नहीं रहेगा क्योंकि 15 दिन में न तो कोई लाईन लग सकती है और न ही टूटी ठीक हो सकती है। हम सभी टूटियों को ठीक करने की कोशिश करेंगे तो भी वे ठीक नहीं हो सकेंगी।****जो प्रदेश में इस समय टूटियां बिल्कुल बेकार पड़ी हैं, टूट गई हैं, लाईन ठीक नहीं है, वह हम आने वाले 6 महीने में सारी टूटियां लगाने की कोशिश करेंगे और सारी लाईनें जो खराब हो गई हैं उन सब को 6 महीने में कम्पलीट कर देंगे ।"	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating in the

EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21-12-1987		
127.	तारांकित प्रश्न सं0 1 पर श्री हीरानन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—**"क्या इस बात पर भी विचार करेंगे कि जिन-जिन इलाकों में टीचर्ज की कमी है वहां पर भी जे0 बी0 टी0 सैंटर खोलेंगे और उस इलाके के लोगों को जे0 बी0 टी0 में ऐडमिशन देने में प्राथमिकता दी जायेगी ।"	***मैं उनकी इस तजवीज की ताईद करता हूं यह बात सरकार के विचाराधीन है । जिन जिन जिलों में टीचर्ज की कमी है और खास तौर पर जे0 बी0 टी0 की, वहां पर गवर्नमैंट अन्दाजा लगाकर कि कितने-कितने टीचर्ज की कमी है, जे0 बी0 टी0 सैन्टर खोलने के लिए तैयार है और गवर्नमैंट की तरफ से कोशिश हो रही है कि उन इलाकों को आइडैन्टिफाई किया जाए जहां टीचर्ज की बहुत कमी है ताकि वहां पर जे0 बी0 टी0 सैन्टर चलाए जाएं ।*****जिन इलाकों में बच्चों को जे0 बी0 टी0 की सुविधा नहीं मिली है, हम हर तरह से उस इलाके के बच्चों को प्रायरिटी देंगे ।	धाड़ला के अतिरिक्त लोहारू, मिठ्ठी सुरेरा तथा ओढा में जे0 बी0 टी0 स्कूल खोल दिए गए हैं तथा गुड़गावां एवं सोनीपत में डाईट के अंतर्गत जे0 बी0 टी0 कक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी हैं शेष जिलों में डाईट खोली जानी हैं । (25-6-90)	समिति इस संबंध में अन्तिम स्थिति जानना चाहती है । (25-6-90)
		7-4-1988		
128.	तारांकित प्रश्न सं0 215 के संदर्भ में श्री योगेश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"*** बल्लबगढ़ में गांधी भवन की बिल्डिंग पर 20 लाख रुपए खर्च हुए हैं और बिल्डिंग तैयार पड़ी है और इस समय खाली है । मैं मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या उस बिल्डिंग में सरकार स्त्री कालेज खोलने पर विचार करेगी ?"	अध्यक्ष महोदय इस भवन में कालेज खोलने का प्रस्ताव जेरे गौर है ।	बल्लभगढ़ में कालिज खोलने की प्रोपोजल सरकार के अन्डर कंसीडरेशन है । यह बिल्डिंग कालिज के लिए सूटेबल न होने के कारण यह निर्णय लिया गया था कि हुडडा से पन्द्रह एकड़ जमीन कालिज के लिए ली जाए । हुडडा ने जो जमीन एक्वायर की थी उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट से स्टे ले ली गई है । हुडडा से जमीन मिलने के बाद ही वहां पर कालिज खोलने पर विचार किया जाएगा । हमारा हुडडा के साथ एग्रीमैंट है कि जहां पर भी हुड्डा बहुत बड़ी कालोनी बनाएगा वहां वह कालिज खोलने	The Government explained their position regarding construction of College at Ballabhgarh and informed that it was difficult for them to start a college at this stage because the matter was subjudice as the land was to be required by HUDA but some people had obtained stay from Supreme Court for non-acquisition of land by HUDA. The Committee, therefore, decided that this assurance be kept pending till the stay is got vacated by HUDA and thereafter the building of the College be got constructed at the earliest. (25-6-90)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			के लिए जमीन देगा। इस वक्त जमीन का केस सब-जूडिस है। जमीन मिलने पर ही वहां पर कालिज खोला जायेगा। (25-6-90)	
		7-4-1988		
129.	तारांकित प्रश्न सं0 382 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "स्पीकर साहब***15-20 गांव ऐसे हैं जिनके लिए समायला और धाड़सू में पहले ही हाई स्कूलज हैं जो इनके क्रायटेरिया को पूरा भी करते हैं। क्या सरकार इन गांवों को सुविधाएं देने के लिए इन पहले स्कूलज को अपग्रेड करने का कोई विचार रखती है? क्या सरकार इन स्कूलज को जल्दी ही अपग्रेड करेगी?"	जरूर करेंगे। F.O 8/2/93	समायल एवं धाड़सू नाम के हाई स्कूल सम्बन्धित विधायक के हल्के टोहाना तथा टोहाना सब-डिवीजन जिला हिसार में नहीं है। अतः इन गांवों के बारे में स्थिति स्पष्ट करना असम्भव है। वैसे टोहाना के रा.उ.वि. को जमा दो स्तर तक अपग्रेड कर दिया गया है। (25 6 90) F.O 20-5-92 F.O 8/6/92	The representatives of the Government explained before the Committee regarding some mis-understanding about the names of the school mentioned in the assurance. The Director, Secondary Educa, tion informed the Committee the exact names of the schools i.e. Dharsul & Samain. After clarifying the position by the department, the Committee desired that the latest position may be intimated to the Committee within a period of three months. (25-
		23-8-1987		
130.	तारांकित प्रश्न सं0 598 पर श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि हुड्डा के आफिस स्कूल की बिल्डिंग में क्यों खोले हुए हैं?"	स्पीकर साहब, यह भाटिया जी ने सही फरमाया कि दफ्तर स्कूल की बिल्डिंग में खुले हुए हैं। वे इसलिए खुले हुए हैं कि जब सैक्टर बनाये गए तो दफ्तर की बिल्डिंग नहीं बनी थीं। अब बिल्डिंगज बन रही हैं और अब स्कूल की बिल्डिंग को जल्दी ही वैकेट किया जाएगा। F.O 8/2/93	फरीदाबाद में 4 विद्यालय भवन हुड्डा द्वारा अन्य विभागों को दिए हुए हैं। कई बार मुख्य प्रशासक हुड्डा को इन चार भवनों को अन्य विभागों से खाली करवा कर शिक्षा विभाग को सौंपने हेतू लिया गया जिसके उत्तर में हुड्डा	The Committee would like to know the latest position about this assurance. 25-6-90) F.O 20/5 F.O 8/6/92

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			ने लिखा है कि फरीदाबाद में मिनी सैक्रेटरीएट का भवन निर्माणाधीन है इसके पूरा होने तक स्कूल भवनों को खाली करने की समस्या बनी रहेगी। नवीनतम स्थिति बराबर पूछी जा रही है। इस आश्वासन बारे कार्यवाही शहरी सम्पदा विभाग द्वारा अपेक्षित है। (25–6–90)	
131.	तारांकित प्रश्न सं० 819 के संदर्भ में श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि हर जिले में जे० बी० टी० ट्रेनिंग सैन्टर कहां खोलने जा रहे हैं और फरीदाबाद में कहां पर खुलेगा?"	23-8-1987 स्पीकर साहब, 1. अम्बाला में मोहरा 2. भिवानी में बिरड़ी कलां, 3. जींद में इक्कस, 4. महेन्द्रगढ़ में प्रौपर महेन्द्रगढ़ 5. रोहतक में मदीना तथा सिरसा में डींग नामक स्थानों पर अगले साल जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार है। गुड़गांव और सोनीपत में बीसवां मील में डाइटस शीघ्र ही स्थापित किए जा रहे हैं। फरीदाबाद को अगले वर्ष में नहीं लिया जा रहा है इसलिए यह सैन्टर वहां पर अगले वर्ष नहीं खुलेगा। कुरुक्षेत्र, करनाल तथा हिसार जिले भी अगले साल नहीं लिए जा रहे हैं।	गुड़गांव तथा बीसवां मील सोनीपत में 'डाईट' की स्थापना कर दी गई है। मोहरा (अम्बाला) बिरड़ी कलां (भिवानी) इक्कस (जींद) महेन्द्रगढ़ मदीना (रोहतक) तथा डींग (सिरसा) में ही 'डाइट' खोलने का अनुमोदन भारत सरकार द्वारा कर दिया गया है लेकिन अभी तक फंड्ज रिलीज नहीं किए गए। इन संस्थानों में जे० बी० टी० की कक्षाएं भी चलाई जाएंगी। फरीदाबाद जिले में 'डाइट' स्थापित करने की अनुमति भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई। भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने पर सभी जिलों में 'डाइट' खोली जाएंगी। (26–6–90)	इस सम्बन्ध में समिति अन्तिम स्थिति जानना चाहती है। (1–8–90) F.O 20/5 F.O 8/6/92 F.O 8/2/93

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-1989		
132.	सेठ लछमन दास बजाज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 802 के उत्तर में—क्या सरकारी हाई स्कूल, प्रेमनगर करनाल को लड़कियों तथा लड़कों के स्कूल में पृथक-पृथक विभाजित करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	हां ।	सरकार के स्तर पर विचाराधीन है । (1-8-90)	समिति इस संबंध में अन्तिम स्थिति जानना चाहती है । (1-8-90)
		11-9-1989		
133.	तारांकित प्रश्न सं0 943 पर श्री हरनाम सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, *** जो 28 हाई स्कूल और 2 सीनीयर सैकेन्डरी स्कूल अपग्रेड किए गए हैं इनके लिए कितने मास्टर्ज और मिस्ट्रैसिज भर्ती की गई हैं? दूसरे क्या इन स्कूलों में स्टाफ भेज दिया गया है ?"	इसके बारे में एन0 एस0 एस0 बोर्ड को रिक्वीजिशन भेज दी गई है। एस0एस0एस0 बोर्ड से मैथ और साईंस मास्टर्ज और लेडीज टीचर की लिस्ट हमारे पास आ गई हैं। जो नाम हमारे पास आए हैं उन्हें हम जल्दी ही छपवाने जा रहे हैं। दूसरे मैं इन्हें बताना चाहूंगी कि जहां जहां पर स्कूल अपग्रेड किए गए हैं वहां पर स्टाफ पहले ही काफी से ज्यादा भेजा गया है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-9-1989		
134.	राज्य में विशेष रूप से मेवात क्षेत्र में, स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यदि कोई पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या के संबंध में श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 995 के उत्तर में।	(i) वर्ष 1985-86 से लेकर 1988-89 की अवधि में राज्य में कन्याओं के लिए 400 रा0प्रा0वि0 खोले जा चुके हैं इनमें 20 विद्यालय मेवात क्षेत्र में खोले गए हैं । चालू वर्ष में कन्याओं के लिए 100 और रा0 प्रा0 वि0 खोलने का प्रस्ताव है । **********	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		(ii) मेवात क्षेत्र में स्थित सभी महाविद्यालय सह-शिक्षा के हैं । लड़कियों के लिए कुछ महाविद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर अगली पंचवर्षीय योजना में विचार किया जाएगा ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-9-1989		
135.	तारांकित प्रश्न सं0 995 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"***मेवात और फरीदाबाद जिले में तीन कालेज हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड से जमीन और पैसे की सहायता उपलब्ध करवा करके वहां पर हथीन क्षेत्र में कोई लड़कियों का कालेज खोलने के बारे में विचार करेगी ?"	अध्यक्ष महोदय, मेवात का चहुमुखी विकास करने के लिए मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड का गठन किया गया था। यदि मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड मेवात क्षेत्र में कोई कालेज या स्कूल खोलने के लिए हमें अपनी स्कीम तैयार करके देगा तो हम जरूर खोलेंगे। इसके इलावा अध्यक्ष महोदय, आठवीं पंचवर्षीय योजना में 23 कालेज खोलने का सरकार का विचार है जिस में मेवात में भी कालेज खोला जाना विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-9-1989		
136.	तारांकित प्रश्न सं0 995 पर श्री भागीराम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"***ऐलनाबाद कांस्टीच्यूएंसी के अन्दर ऐलनाबाद और रतिया दो कस्बे पड़ते हैं लेकिन इन दोनों कस्बों में अभी तक न तो कोई लड़कों का कालेज है और न ही कोई लड़कियों का कालेज है। अभी मंत्री महोदया ने अगली पंच वर्षीय योजना में कालेज खोलने की बात कही है। इसलिए मैं मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर कोई कालेज खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?"	बिल्कुल विचाराधीन है। मैंने कहा है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्दर हमने 23 नए कालेजिज खोलने का प्रस्ताव रखा है, उस समय ऐलनाबाद में भी खोलने का प्रस्ताव हमारे विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-9-1989		
137.	तारांकित प्रश्न सं0 995 पर डा0 बृज मोहन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मैं मंत्री महोदया से पूछना चाहता हूं कि पलवल में जो सरस्वती गर्ल्ज कालेज है उसको जो ग्रांट सरकार की तरफ से जानी है, वह जाएगी या नहीं ? अगर जाएगी तो कब तक चली जाएगी ?"	अध्यक्ष जी, यह केस अभी अंडर कंसीडे्रशन है क्योंकि जिस समय इस कालेज ने हमसे एन0 ओ0 सी0 लिया था उस समय उसे एन0 ओ0 सी0 इसी शर्त पर दिया गया था कि वह 5 वर्ष तक कोई ग्रांट न मांगे लेकिन फिर भी सरकार उसको ग्रांट देने पर विचार कर रही है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-9-1989		
138.	तारांकित प्रश्न सं० 995 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"जिला फरीदाबाद में एक भी ओ० टी० बी० एड० डिप्लोमा-इन-एजूकेशन की कलासिज या ट्रेनिंग कोर्सिज नहीं हैं । मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर "डाइट" स्कीम के अतिरिक्त और जिलों की भांति ओ० टी०, जे० बी० टी० आदि के ट्रेनिंग कोर्सिज खोलने पर विचार किया जाएगा ?"	अध्यक्ष जी, इस समय मेवात क्षेत्र के फिरोजपुर-नमक को छोड़कर कहीं भी कोई जे० बी० टी० और ओ० टी० का कोर्स नहीं चल रहा। जैसा कि इन्होंने 'डाइट' की स्कीम के बारे में कहा, इस बारे में मैं इन्हें बताना चाहूंगी कि "डाइट" स्कीम के तहत हम 12 के 12 जिलों में ओ० टी० और जे० बी० टी० प्रशिक्षण केन्द्र खोलने जा रहे हैं। इसलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जब 12 जिलों में ये "डाइट" के अधीन खुलने जा रहे हैं तो अलग से पैसा खर्च करके कोई और प्रशिक्षण केन्द्र न खोला जाए।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-9-1989		
139.	तारांकित प्रश्न सं० 995 पर श्री जय सिंह राणा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मैं मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि क्या जब आठवीं पंचवर्षीय योजना में 23 नए कालेज खोले जाएंगे, उस समय करनाल में भी कोई कालेज खोला जाएगा ?"	23 नए कालेजों के खोलने के संबंध में हमने हरेक जिले का ध्यान रखा है। करनाल जिला भी हरियाणा प्रान्त का ही एक जिला है इसलिए उसका भी प्रस्ताव विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-9-1989		
140.	तारांकित प्रश्न सं० 995 पर श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मंत्री महोदया ने आज भी आश्वासन दिया है कि "डाइट" स्कीम के तहत ओ० टी० और जे० बी० टी० ट्रेनिंग सैन्टर खुल रहे हैं। इस बारे में दो साल से हाउस में लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं कि ये सैन्टर खुल रहे हैं। लेकिन अभी तक कहीं पर भी नहीं खोले गए हैं। अब	अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मैं स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर देती हूं। इस बार 8 ट्रेनिंग सैन्टरों का ऐडिमन नोटिस तो तुरंत जारी होने वाला है क्योंकि 8 स्थानों के लिए हमें भारत सरकार अपनी अनुमति दे चुकी है। 3 स्थानों पर हरियाणा सरकार द्वारा ये सैन्टर खोले जा रहे हैं।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि ये ट्रेनिंग सैन्टर खुल रहे हैं या नहीं। अगर खुल रहे हैं तो कब तक खोल देंगे ?"			
141.	तारांकित प्रश्न सं0 995 पर श्री शिव प्रसाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, अम्बाला छावनी, अम्बाला शहर में कोई भी लड़कियों का गवर्नमैंट कालेज नहीं है । मैं मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि क्या गवर्नमैंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल जो कि काफी बड़ी बिल्डिंग हैं उसमें आने वाले वर्ष से गवर्नमैंट गर्ल्ज कालेज चालू करने पर विचार करेगी ?"	12-9-1989 * * * * * * * आप, अम्बाला में अलग से कालेज खोलने की मांग क्यों नहीं कर रहे । अलग से 23 कालेजिज खोलने के प्रस्ताव पर जब विचार करेंगे, तो अम्बाला में भी कालेज खोलने पर विचार करेंगे ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
142.	श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 996 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या हथीन निर्वाचन क्षेत्र में एक माडल स्कूल खोलने का कोई प्रस्ताव मेवात विकास बोर्ड के विचाराधीन है, तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त स्कूल को कब तक खोले जाने की संभावना है ?	13-9-1989 (क) मेवात माडल स्कूल सोसाइटी, गुड़गांव द्वारा हथीन ब्लाक में एक माडल स्कूल खोलने का प्रस्ताव है। (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि के दौरान ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
143.	श्री उदय भान द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 988 का भाग (ख)— (ख) क्या राजकीय महाविद्यालय, होडल में साईंस कक्षाएं पुनः आरम्भ करने का कोई	13-9-1989 (ख) राजकीय महाविद्यालय, होडल में विज्ञान की कक्षाएं आरम्भ करने का प्रस्ताव सरकार का ध्यान आकर्षित	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो इन कक्षाओं के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना ?	कर रहा है । अन्तिम निर्णय साईंस ब्लाक । प्रयोगशाला के पूर्ण होने पर लिया जाएगा ।		
		13-9-1989		
144.	तारांकित प्रश्न सं0 988 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदया से यह भी जानना चाहूंगा कि वहां (राजकीय महाविद्यालय, होडल) पर साईंस प्रयोगशाला कब तक खोले जाने की संभावना है ?"	* * * * * * * जहां तक इनका दूसरा सवाल है कि वहां पर साईंस की क्लासिज कब तक खोल दी जाएगी उस संबंध में मैं इन्हें बताना चाहूंगी कि वहां पर साईंस क्लासिज खोलने के लिए 8.66 लाख रुपये की ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऐप्रुवल दे दी गई है । ये प्रयोगशालाएं अगले सत्र तक बनकर तैयार हो जाएंगी और अगले साल से ही वहां पर साईंस की क्लासिज शुरू हो जाएंगी ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		13-9-1989		
145.	तारांकित प्रश्न सं0 988 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, शिक्षा मंत्री महोदया ने साईंस क्लासिज खोलने के लिए साईंस ब्लाक की शर्त लगाई है । होडल का कालेज 4 कमरों में चल रहा है । मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि क्या साईंस ब्लाक बनाने के लिए और बिल्डिंग बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?"	अध्यक्ष जी, यह टेकन ओवर कालेज है । जिसमें केवल एक एकड़ भूमि है और बिल्डिंग बनी हुई है । यह बिल्डिंग छोटी है इस बिल्डिंग को बढ़ाने के लिए और जगह ऐक्वायर की जानी है । जमीन ऐक्वायर करने के लिए लैंड ऐक्विजिशन की प्रोसीडिंग्ज होने के बाद ही बिल्डिंग बनाने की कार्यवाही करेंगे । बिल्डिंग बढ़ाने की बात पहले से ही सरकार के ध्यान में है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		13-9-1989		
146.	तारांकित प्रश्न सं0 988 पर श्री हीरानन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, हमारी शिक्षा मंत्री महोदया बहुत ही योग्य मंत्री हैं । मैं इनसे जानना चाहता हूं कि इस समय	अध्यक्ष महोदय, इस समय हरियाणा में 16 सरकारी और 34 गैर सरकारी कालेजिज ऐसे हैं जहां पर साईंस ब्लाकस नहीं हैं और वहां पर साईंस क्लासिज नहीं चल रही हैं । आठवीं पंचवर्षीय योजना में सभी 16 सरकारी	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	हरियाणा में कितने ऐसे कालेज हैं जहां साईंस ब्लाक नहीं हैं। इन कालेजों में साईंस ब्लाक की कंस्ट्रक्शन कब तक हो जाएगी ?"	कालेजों में साईंस क्लासिज प्रारम्भ कर दी जाएंगी ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		13-9-1989		
147.	तारांकित प्रश्न सं0 988 पर चौधरी किशन सिंह सांगवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक [प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, जब श्री खुर्शीद अहमद जी शिक्षा मंत्री थे, तो उन्होंने गोहाना में साईंस क्लासिज शुरू करने का आश्वासन दिया था । वहां पर बिल्डिंग तैयार है, लैबोरेटरी भी तैयार है और साईंस ब्लाक भी तैयार है । मैं माननीय मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि क्या इस ऐकेडैमिक सैशन से वहां पर साईंस क्लासिज शुरू हो जाएंगी ?"	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ठीक कह रहे हैं कि गोहाना में 6 कमरे मुकम्मल हैं। श्री खुर्शीद अहमद जी ने जो आश्वासन दिया था, हम उसको पूरा करेंगे । इस वर्ष के बजट में वहां साईंस क्लासिंज प्रारम्भ करने का प्रावधान नहीं है लेकिन अगामी सैशन में गोहाना में साईंस क्लासिज प्रारम्भ कर दी जाएंगी ।		
		13-9-89		
148.	तारांकित प्रश्न सं0 988 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, होडल कालेज के लिए जमीन ऐक्वायर करने की कार्यवाही काफी सालों से चल रही है। मैं माननीय शिक्षा मन्त्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि जमीन अधिग्रहण कब तक पूरी हो जाएगी ?"	अध्यक्ष महोदय, एक बार यह जमीन अधिग्रहण करने के लिए दफा 4 और दफा 6 की नोटिफिकेशन भी हो गई थी लेकिन उसके बाद ला-डिपार्टमैंट ने इसमें कोई टैक्नीकल कमी निकाल दी। दोबारा फिर सैक्शन 4 की नोटिफिकेशन दिनांक 3-1-89 को इशू की गई है। दफा 6 का नोटिस अभी होना बाकी है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		13-9-89		
149.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 975 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या राजकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय, टोहाना में एक खेल के मैदान बनाने	(क) जी हां। (ख) इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय टोहाना के साथ लगती 56 कनाल 2 मरले भूमि जो कि पंजाब वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति है, को लीज पर	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?	प्राप्त करने के लिए पंजाब वक्फ बोर्ड के साथ बातचीत चल रही है। जब यह भूमि पंजाब वक्फ बोर्ड द्वारा कालेज के नाम अलाट कर दी आएगी तब कालेज को खेल के मैदान उपलब्ध करवाये जा सकेंगे। इसलिए समय अवधि निश्चित करना संभव नहीं है।		
		13-9-89		
150.	तारांकित प्रश्न सं0 975 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गया अनुपूरक प्रश्न—"यह इंदिरा गांधी कालेज पहले एक प्राइवेट इंस्टीच्यूशन से शुरु हुआ, उसके बाद इसका नाम नैशनल कालेज बदल दिया गया था। नैशनल कालेज के बाद यह टेक ओवर हो कर गवर्नमैंट कालेज बन गया। गवर्नमैंट कालेज बनने के बाद कांग्रेस की हकूमत आई और उन्होंने इसके साथ इंदिरा गांधी का नाम जोड़ दिया था। क्या बहन जी कोशिश करके दोबारा इंदिरा जी का नाम हटा सकती हैं?"	कोशिश करके हम इसका नाम बदल देंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-3-90		
151.	तारांकित प्रश्न संख्या 1038 के संदर्भ में डा0 मंगल सेन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, हमारे आदरणीय मंत्री महोदय ने पहले तो यह फरमा दिया कि वहां (गुड़गांव में) कालेज खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। अब फरमा रहे हैं कि हुड्डा से जमीन के लिए खतोकिताबत हो रही है, पत्राचार हो रहा है। क्या उस पत्राचार में यह लिखा है कि हुड्डा 15 एकड़ जमीन दे, कालेज खोलना है या नहीं खोलना है, इस बारे में सरकार का क्या स्टैंड है?"	अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में 25 जगहों से मांग (कालेज खोलने बारे) आ रही है और उसमें गुड़गांव में कालेज खोलने का मामला भी विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-90		
152.	श्री सीता राम सिंगला द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1050 के भाग 'ख' के उत्तर में—क्या शिक्षा मंत्री बताएंगे कि—क्या राज्य में सरकारी सहायता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में कार्य कर रहे कर्मचारियों को उनका वेतन पिछले 6 मास से नहीं मिला है; यदि ऐसा है, तो कर्मचारियों को वेतन कब तक बांटे जाने की संभावना है?	प्रबंधकों द्वारा धन के अभाव के कारण वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन का भुगतान इन स्कूलों के प्रबंधकों द्वारा शीघ्र ही किए जाने की संभावना है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-90		
153.	तारांकित प्रश्न सं0 1050 के संदर्भ में श्री सीता राम सिंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, जब सरकार प्राईवेट स्कूलों को पूरी ग्रांट देती है, तो उन स्कूलों के मुलाजिमों को 6-6 महीने और साल-साल भर तक तनख्वाह क्यों नहीं मिलती ? ***** सरकार ऐसे स्कूलों की मैनेजमैंट के खिलाफ ऐक्शन क्यों नहीं लेती ?"	स्पीकर साहब, प्राइवेट स्कूलों की मनेजमैंट के खिलाफ ऐक्शन लेने का हमें कोई अधिकार नहीं है हम तो केवल उनको दी जाने वाली ऐड ही रोक सकते हैं। अगर प्राइवेट स्कूलों की मैनेजमैंट अपने टीचर्ज को वेतन नहीं देगी तो जो 75 परसैंट ग्रांट का पैसा है वह हम सीधा उन टीचर्ज को दे देंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-90		
154.	तारांकित प्रश्न सं0 1050 के संदर्भ में श्री परमानन्द द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने फरमाया है कि जिन प्राइवेट स्कूलों की मैनेजमैंट अपने टीचर्ज को वेतन नहीं देतीं उनके खिलाफ ऐक्शन लेने का उनको अधिकार नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या निकट भविष्य में ऐसा कोई कानून बनाने की प्रोपोजल सरकार के विचाराधीन है जिसके तहत ऐसी मैनेजमैंटस के खिलाफ कोई ऐक्शन लिया जा सके ?"	स्पीकर साहब, कई ऐसे प्राइवेट स्कूल हैं जिन की मैनेजमैंट टीचर्ज को वेतन कम देती हैं और दस्तख्त ज्यादा पैसे पर करवा लेती हैं। इस प्रकार की गई कम्पलेंट्स अभी सरकार के पास आती हैं। ऐसी समस्या के लिए मामला सरकार के विचाराधीन है। ऐसे प्राइवेट स्कूलों में ऐडमिनिस्ट्रेटर्ज लगा दिए जाएं यह प्रोपोजल सरकार के विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15-3-90		
155.	तारांकित प्रश्न संख्या 1068 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"**अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि टोटल कितने कमरे बनवाने का निर्णय लिया गया है (राजकीय उच्च विद्यालय खाम्बी में) बाकी के कमरों के लिए धन की व्यवस्था कब तक हो जाएगी और ये कमरे कब तक बन जाएंगे ?"	4 कमरे इस बरसात से पहले ही बनवा दिए जाएंगे। टोटल कमरे 14 बनवाए जाएंगे। 2-3 और कमरे भी हम इसी साल बनवाने की कोशिश करेंगे। जहां तक बाकी कमरों का संबंध है, इनको शीघ्र बनवाने के लिए हम कोशिश करेंगे लेकिन इनके लिए समय निश्चित नहीं किया जा सकता।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-O 8/6/92 8/2/93	
		16-3-90		
156.	सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए उप-नियमों में संशोधन करने के लिए हिदायतें देने संबंधी श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 186	****अतः इस सूचना को एकत्रित करने में काफी समय लगने की सम्भावना है। समय के अभाव में यह सूचना एकत्रित नहीं हो पाई है। अतः आपसे अनुरोध है कि इस प्रश्न के लिए कम से कम दो मास का समय और दिया जाए।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। Drop 3/6/92	
		19-3-90		
157.	कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 189 के भाग (क) के उत्तर में— (क) क्या वर्ष 1990-91 के दौरान रिवाड़ी निर्वाचन-क्षेत्र में निम्नलिखित स्कूलों का प्राईमरी मिडल, मिडल से हाई तथा हाई से 10 जमा 2 पद्धति में दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है :—	(क) भाग "क" में वर्णित विद्यालयों को स्तरोन्नत करने के लिए नार्म के अनुसार वर्ष 1990-91 के दौरान इस उद्देश्य के लिए गठित समिति द्वारा विचार किया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। Drop 8/6/92 F-O 20/5	

प्राईमरी से मिडल

1. भटसाना
2. जोनावास

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

3. ग्रासिया की पंचोर

4. राजपुरा खालिया

5. किशनगढ़

6. मालाहेड़ा

7. फदनी

8. डाकिया

मिडल से हाई

1. ततारपुर ईस्तमूरार

2. सहारनवास

3. रामगढ़ भगवानपुर

4. रालियावास

5. कापड़ीवास

हाई से 10 जमा 2 पद्धति

1. धारूहेड़ा

2. जाडरा

3. मसानी

4. जड़थल

5. पाडियावास

6. बीकानेर।

158.	तारांकित प्रश्न सं0 1071 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूंगा कि यह बिल्डिंग (राजकीय महाविद्यालय होडल) जो अभी अधूरी पड़ी है, यह कब तक पूरी हो जाएगी और क्या साईंसिज क्लासिज जल्दी शुरू	20-3-90 ********यह भवन छत तक पहुंच चुका है। जल्दी ही इसके पूरा होने की सम्भावना है। इसके अलावा सीकर साहब रणजीत सिंह जी ने जो सवाल किया था, मैं उसको उस समय समझ नहीं पाया था। लेकिन अब मैं उनका भी जवाब आपकी इजाजत से देना चाहता हूं। इस साल 5 कालेजों में साईंस क्लासिज चलाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	होंगी क्योंकि हसनपुर, हथीन और फिरोजपुर झिरका आदि ये तीनों क्षेत्र इसी कालेज पर डिपैंड करते और लड़कों के साइंस पढ़ने के लिए कोई दूसरा कालेज नहीं है। क्या मंत्री जी इस कालेज की बिल्डिंग को जल्दी ही पूरा करवाने का आश्वासन देंगे ?"			
		20-3-90		
159.	तारांकित प्रश्न सं0 1060 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने 1980 की बात बताई है। उसके बाद आज 10 साल बीत गए। वहां भूना की पंचायत आज भी जमीन देने के लिए तैयार है। देहात की जनता के प्रति हमारी भी कुछ जिम्मेवारी है। मैं मंत्री महोदय से इस बारे में आश्वासन चाहूंगा कि भूना की पंचायत अगर भवन न सही तो जमीन ही अगर प्रोवाइड कर दे तो क्या सरकार वहां पर कालेज खोलने पर विचार करेगी ?"	1985 में पंचायतों की तरफ से मांग आई थी। इस बारे में पच्चीस डिमांडज पंचायतों की तरफ से और हमारे विधायक साथियों की ओर से आई हुई हैं। सरकार उन पर विचार कर रही है कि कालेज कहां खोला जाए लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		20-3-90		
160.	तारांकित प्रश्न सं0 1060 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि अगर हथीन में पन्द्रह एकड़ जमीन दे दी जाए और बिल्डिंग बना दी जाए तो क्या वहां पर कालेज खोल दिया जाएगा ?"	अध्यक्ष महोदय, ठीक है हथीन की डिमांड आई हुई है। अगर वहां पर पन्द्रह एकड़ जमीन मिल जाए और बिल्डिंग बना दी जाए तो वहां पर कालेज खोल दिया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		20-3-90		
161.	तारांकित प्रश्न सं0 1060 पर श्री भागी राम द्वारा पूछा गया	अध्यक्ष महोदय, ऐलनाबाद की मांग आई हुई है और उस पर विचार कर रहे हैं।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, पिछले सैशन के दौरान मैं बहन सुषमा जी जो उस समय शिक्षा मंत्री थी, ने इस सदन में आश्वासन दिया था कि अगले साल मतलब यह है कि इस साल ऐलनाबाद में कालेज खोल दिया जाएगा । क्या मंत्री जी उस आश्वासन को पूरा करेंगे ?"			
		29—3—90		
162.	श्री राम विलास शर्मा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1109 के उत्तर में :— (क) क्या डी0आई0ई0टी0 योजना के अधीन महेन्द्रगढ़ में एक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, तथा (ख) यदि ऐसा है, तो केन्द्र के कब तक खोले जाने की सम्भावना है ?	(क) जी हां । (ख) भारत सरकार से राशि उपलब्ध होने पर इसे चालू किया जाएगा ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		29—3—90		
163.	तारांकित प्रश्न संख्या 1109 के संदर्भ में श्री कैलाश चन्द शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"स्पीकर साहब, मैं यह जानना चाहता हूं कि ये 6 सैन्टर्ज (डी0 आई0 ई0 टी0 सैन्टर्ज) कहां कहां पर खोले जा रहे हैं इसके अलावा एक बात मैंने इनसे यह पूछी थी कि महेन्द्रगढ़ में जो ट्रेनिंग सैंटर खोलने जा रहे हैं, उसमें कितने विद्यार्थी एक साथ पढ़ सकेंगे ?"	स्पीकर साहब, अम्बाला, महेन्द्रगढ़, रोहतक, भिवानी, जींद और सिरसा में ये 6 सैन्टर्ज और खोले जा रहे हैं इनमें से प्रत्येक में 75 विद्यार्थियों को दाखिल किया जा रहा है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		29—3—90		
164.	तारांकित प्रश्न संख्या 1109 के संदर्भ में श्रीमती कमला वर्मा	स्पीकर सर, चार नये जिले हमारे बने हैं । हरियाणा को इसके खोलने के लिए 10	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "स्पीकर साहब, हरियाणा स्टेट में चार ऐसे जिले हैं जो अभी अभी बने हैं। क्या उन चार जिलों में से यमुना नगर में भी कोई ऐसा सैंटर खोलने के लिए प्रपोजल भेजेंगे ?	एकड़ भूमि देनी पड़ती है हमने इनके जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखा हुआ है कि वह भूमि का पता लगा कर और केस बना कर भेजें। हम केस भारत सरकार को भेजेंगे कि यह चार जिले भी इस स्कीम में कवर किए जाएं 29-3-90	F-O 8/6/92 F-O 8/2/93	
165.	श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1110 का भाग "क":— (क) क्या राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में महिलाओं के लिए एक पृथक विंग के निर्णय का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	राजकीय महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में महिला विंग खोलने का मामला विचाराधीन है। भवन निर्माण का प्रश्न विंग खोलने के निर्णय उपरान्त ही उत्पन्न होगा। 29-3-90	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ 8/2/93 3/6	52
166.	तारांकित प्रश्न संख्या 1110 के संदर्भ में श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "क्या शिक्षा मंत्री महोदय इस काम (राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में महिला विंग खोलना) को करवाने में कोई तत्परता दिखाएंगे ताकि यह बिल्डिंग जल्दी से जल्दी बन सके ?"	स्पीकर सर, सन 1988 में मांग आई थी कि यहां पर गर्ल्ज कालेज बनाया जाए और अब मांग आई है कि यहां पर गर्ल्ज विंग अलग से बना दिया जाए। यह मामला सरकार के विचाराधीन है और हम अलग से गर्ल्ज विंग वहां बना देंगे और उस पैसे से बिल्डिंग वहां बन जाएगी। 3-9-1990	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ F-O 3/6 F-O 8/2/93	
167.	तारांकित प्रश्न सं0 1173 पर श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, शिक्षा मंत्री जी ने बड़ी तैयारी के साथ जवाब दिया है। इन्होंने यह कहा है कि इतने (109) स्थान सारे हरियाणा में (कालेज लैक्चरर्ज के) इस वक्त खाली हैं	स्पीकर साहब, यह जो फिगर मैंने बताई है, यह कालेज लैक्चरर्ज की है। माननीय सदस्य 10 प्लस 2 की बात कर रहे हैं। वह अलग से है। मैं माननीय सदस्य की समस्या को समझता हूं। यह सवाल इसलिए है क्योंकि सारे हरियाणा के स्कूलों और कालेजों में वैकेन्सीज पड़ी हैं। उसके लिए हमने अभी एक नया फैसला किया	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-O 3/6 D/O 6/7	53

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इस बार 10 प्लस 2 की क्लास में विद्यार्थियों की संख्या 3–3 हजार है। इस स्थिति को देखते हुए क्या इन पोस्टस को तुरन्त भरने पर विचार करेंगे ?''	है कि जितने भी स्कूल हैं, चाहे वे हाई स्कूल हैं, या सीनियर सैकेंडरी स्कूल हैं, वहां पर जितनी भी पोस्टस खाली पड़ी हैं, उनको एस० एस० बोर्ड के परव्यू से निकाल दिया गया है। डिपार्टमैंटल तौर पर एक कमेटी बना कर इसके लिए सिलैक्शन कर रहे हैं। यह समस्या कि टीचर्ज अवेलेबल नहीं हैं और वेकेन्ट पोस्ट्स पड़ी हैं, इससे जल्दी ही हल कर दी जाएंगी। 3-9-1990		
168.	तारांकित प्रश्न सं० 1173 पर श्री सीता राम सिंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—''अध्यक्ष महोदय, जहां तक पार्ट टाईम लैक्चरर्ज लगाने की बात है, मैं यह बताना चाहता हूं कि उनको केवल 1,000 रुपया मिलता है। इतनी कम राशि के अन्दर कोई भी कम्पीटेंट लैक्चरर काम करने को तैयार नहीं होता। इस बात को देखते हुए क्या उनको ऐडहाक बेसिज पर लगाने पर सरकार विचार करेगी जिससे योग्य अध्यापक लग सकें और विद्यार्थियों का अध्ययन कार्य सुचारू रूप से चल सके?''	अध्यक्ष महोदय, ऐडहाक बेसिज पर लगाने का तो कोई विचार नहीं है लेकिन माननीय सदस्य की यह बात सही है कि एक हजार रुपए जो हम पार्ट टाईम लैक्चरर को देते हैं, वह बहुत कम है। इसमें अच्छे टीचर्ज अवेलेबल नहीं होते। इस बारे में मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि विचार चल रहा है कि एक हजार की इस राशि को बढ़ा दिया जाए। 3-9-1990	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.0 3/6/92 F.0 8/2/93	
169.	सेठ लछमन दास बजाज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 218—क्या राज्य में इस समय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा उच्च विद्यालयों में रिक्त पड़े पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	जी हां। Drop 647 4-3-1991	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
170.	सेठ लछमन दास बजाज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1288 का भाग (क) तथा (ख)—	(क) राजकीय उच्च विद्यालय प्रेम नगर करनाल का मामला नार्म तथा गुणों के आधार पर विचारा जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(क) क्या जिला करनाल के राम नगर, प्रेम नगर, शिव कालोनी, न्यू प्रेम नगर तथा शास्त्री नगर कालोनियों के उच्च विद्यालय का दर्जा बढ़ा कर 10+2 प्रणाली में करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो ऊपर यथा निर्दिष्ट उक्त विद्यालय का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?	(ख) इस पर आगामी वित्त वर्ष अर्थात् 1991–92 में विचार किया जायेगा ।		Drop 6/7/92
		7-3-1991		
171.	तारांकित प्रश्न सं0 1221 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न––"स्पीकर साहब, दरअसल बात यह है कि यह हमारी बात सुनना नहीं चाहते । मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि यह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी का जयन्ती वर्ष है, इसकी ध्यान में रखते हुए क्या सरकार उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विचार करेगी और जल्दी ही इस बारे में निर्णय लेगी ?"	यह सरकार के विचाराधीन है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	Drop 3/5/92
		11-3-1991		
172.	राव राम नारायण द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1370 का भाग (क) तथा (ख)–– (क) क्या आदर्श कन्या उच्च विद्यालय, बव्वा, तहसील कोसली, जिला रिवाड़ी को अधिकार में लेने का कोई आवेदन पत्र सरकार को प्राप्त हुआ है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?	(क) जी हां । (ख) मामला सरकार के विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	F.O. 6/7/92 F.O. 8/2/93

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-3-1991		
173.	सेठ लछमन दास बजाज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1289 का भाग (क), (ख), (ग) तथा (घ)— (क) क्या यह तथ्य है कि शहरी सम्पदा सैक्टर-13, करनाल के विद्यालय की इमारत प्राथमिक विद्यालय के अभिप्राय के लिए है; (ख) यदि ऐसा है, तो क्या यह भी तथ्य है कि 10 वीं कक्षा तक कक्षाएं ऊपर यथानिर्दिष्ट उसी इमारत में लगाई जा रही है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; (ग) क्या जिला करनाल के सैक्टर 13, 14 तथा 6 शहरी सम्पदा तथा चार-चमन कालोनी के लिए 10+2 प्रणाली आरम्भ करने के लिए इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, तथा (घ) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की सम्भावना है?	(क) हां (ख) हां राजकीय उच्च विद्यालय चौड़ा बाजार करनाल की कक्षाओं को शिफ्ट करना पड़ा क्योंकि चौड़ा बाजार करनाल के स्कूल के किराये का भवन क्षतिग्रस्त तथा असुरक्षित हो गया था। (ग) हुड्डा ने 4074 एकड़ भूमि सैक्टर 13, शहरी सम्पदा में अलाट कर दी है तथा 10 जमा 2 कक्षाओं की व्यवस्था के लिए भवन हुड्डा द्वारा शीघ्र बनवाया जाएगा। जब कभी भी नए भवन का निर्माण हो जाएगा तब उस स्कूल को शिफ्ट कर दिया जायेगा और यह स्कूल सैक्टर-14,6 तथा चार-चमन कालौनी की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। (घ) इस समय कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	Concerning the School Building F.O 6/7/92 F.O 8/2/93
		12-3-91		
174.	श्रीमती कमला वर्मा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1282 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या जिला यमुनानगर के सरकारी स्कूलों में इस समय संस्कृत, हिन्दी, विज्ञान तथा गणित अध्यापकों के कोई पद रिक्त पड़े हैं;	(क) सूचना सदन के पटल पर रखी जाती है। (ख) इन पदों को आगामी शैक्षणिक सत्र 1991-92 में ही भरे जाने की संभावना है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 6/7/92 F.O 8/2/93

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	यदि ऐसा है, तो उनका ब्यौरा क्या है; तथा (ख) उक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है ?			
		13-3-91		
175.	तारांकित प्रश्न संख्या 1227 पर श्री मुनी लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि खोरी तथा सेरनवास के हाई स्कूलों को 10 जमा 2 और झाबवा के प्राईमरी स्कूल को मिडल स्कूल व प्रोथर के मिडल स्कूल को हाई स्कूल बनाने का सरकार कोई विचार रखती है क्योंकि ये सभी स्कूल अपग्रेडेशन के सभी नार्मज को पूरा करते हैं ।"	अध्यक्ष महोदय, अगले साल इनको कंसिडर करने का प्रयत्न किया जाएगा ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	F-O 6/7/92 F-O 8/2/93
		13-3-91		
176.	श्री शिव प्रसाद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1339 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या राज्य में स्थायी रूप से मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों के अध्यापकों को नए वेतनमान तथा अन्य सुविधाएं देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उपरोक्त सुविधाएं कब तक दिए जाने की संभावना है ?	(क) माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में हरियाणा राज्य के सहायता प्राप्त अराजकीय तथा स्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों में अध्यापकों/कर्मचारियों को वेतनमानों और महंगाई भत्ते में 1-4-79 से राजकीय स्कूलों में उनकी भान्ति कार्यरत कर्मचारियों के वेतमानों में समानता दी जा चुकी है । जहां तक अन्य सुविधाओं का संबंध है । यह मामला सरकार के सक्रिय विचाराधीन है । (ख) शीघ्र ही निर्णय लिया जाना संभावित है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	56 Drop 6/7/92 57
		13-3-91		
177.	सेठ लछमन दास बजाज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1290—"क्या उन बच्चों का जो राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेलों/विज्ञान प्रदर्शनियों में भाग लेते हैं, दैनिक भत्ता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?"	जहां तक विधालयों का संबंध है, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक प्रस्ताव विभाग तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के विचाराधीन है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	F-O 3/6 F-O 8/2/93

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-91		
178.	तारांकित प्रश्न संख्या 1417 पर श्री दुर्गा दत्त अत्री द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न, "जब बहन सुषमा स्वराज जी शिक्षा मंत्री थीं तो उन्होंने डाइट की स्कीम के तहत जिला जींद के इक्कस गांव में एक ट्रेनिंग सैंटर खोलने का आश्वासन सदन में दिया था। अब मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या यह ट्रेनिंग सैंटर इक्कस गांव में खोलने की योजना है, अगर है तो कब तक खोल देंगे ?"	स्पीकर साहब, 1988-89 में भारत सरकार की तरफ से डाइट स्कीम को चलाने की योजना बनाई गई थी इस स्कीम को शुरु में जिला जींद, अम्बाला, महेन्द्रगढ़, भिवानी, सिरसा और रोहतक में चालू करने का विचार हुआ था। स्पीकर साहब जहां तक इनके सवाल का संबंध है कि क्या जिला जींद के इक्कस गांव में डाइट स्कीम के तहत ट्रेनिंग सैंटर चालू किया जाएगा, इस बारे में मैं अपने साथी को बताना चाहूंगा कि वहां पर ट्रेनिंग सैंटर खोलने की बात विचाराधीन है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-91		
179.	तारांकित प्रश्न सं0 1417 पर श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न, "डाइट योजना के तहत जहां जहां पर स्कूल खोले जाने थे, वहां के लिये राशि भी ऐलोकेट कर दी गई थी। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर इस साल काम शुरु कर देंगे ?"	स्पीकर साहब, मैं अपने साथी को बता देता हूं कि हमने यह राशि पी0 डब्ल्यू0 डी0 को भेज दी है और जल्दी ही काम शुरु हो जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-91		
180.	तारांकित प्रश्न सं0 1417 पर चौधरी सतबीर सिंह कादियां द्वारा पूछा गया है। अनुपूरक प्रश्न, "स्पीकर साहब पानीपत में नौलथा गांव में भी एक डाइट स्कीम के तहत एक ट्रेनिंग सैंटर खोलने के बारे में आश्वासन दिया गया था। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या 1991-92 में वह सैंटर वहां पर खोल दिया जाएगा।"	स्पीकर साहब, वहां पर एक ट्रेनिंग सैंटर आने वाले सालों में चालू करने की योजना	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-91		
181.	श्री उदय भान द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1379 का भाग (क) तथा (ख)—	(क) जी हां। (ख) 'प्रस्ताव भारत सरकार को भेज दिया गया है तथा उनकी स्वीकृति		

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(क) क्या डी०आई०ई०टी० योजना के अधीन जिला फरीदाबाद में ओ० टी०. तथा जे०बी०टी.केन्द्र खोलने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उक्त योजना के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?	अपेक्षित है।	F.O 6/7/92 F.O 8/2/93	
		14-3-91		
182.	सरदार आत्मा सिंह गिल द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1408 का भाग (क) तथा (ख) — (क) क्या राज्य के स्कूलों में पंजाबी भाषा को पढ़ाने के लिए अध्यापकों की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो ऊपर यथा-निर्दिष्ट अध्यापकों की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है?	(क) जी हां। (ख) नियुक्तियां शैक्षणिक सत्र 1991-92 में करने की संभावना है। Drop 6/7/92	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	60
		15-3-91		
183.	तारांकित प्रश्न संख्या 1285 के संदर्भ में श्रीमती कमला वर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "......शहरों के मिडिल स्कूलों या प्राईमरी स्कूलों के अन्दर बच्चों के बैठने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। बच्चे बिना टाट-पट्टी के जमीन पर बैठते हैं। इसलिये मैं सरकार से यह जानना चाहती हूं कि क्या सरकार गांवों व शहरों के स्कूलों के अन्दर बच्चों की आम सुविधाओं के लिए प्रयास करेगी ....?"	* * * बहन जी को यह बता देना चाहता हूं कि इस साल 27½ लाख रुपये की टाट पट्टी खरीदी जा रही है और यह काम हाई पावर्ड कमेटी द्वारा जेल विभाग को टाट-पट्टी सप्लाई करने के लिए सौंपा गया है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F.O 6/7/92 F.O 8/2/93	

59

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15–3–91		
184.	श्री बलबीर सिंह चौधरी तथा कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं० 1374 का भाग (क) तथा (ख) —	(क) सूचना* सदन के पटल पर रखी जाती है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
	(क) राज्य में 1988 से आज तक की अवधि के दौरान प्राइमरी, मिडल, हाई, सीनियर सैकंडरी स्कूलों तथा कालेजों में अध्यापकों/प्राध्यापकों के वर्ष वार कुल कितने पद रिक्त पड़े हैं; तथा	(ख) स्कूलों में रिक्त पद शीघ्र भरे जाने की संभावना है। कालेज प्राध्यापकों की भर्ती का मामला भी विचाराधीन है।		
	(ख) इन पदों को भरने के लिए यदि कोई पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या ?	* राजकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्षवार रिक्तियों का विवरण।		

विद्यालय

पद	दिसम्बर 1988	दिसम्बर 1989	दिसम्बर 1990
प्राध्यापक (विद्यालय)	118	221	596
मास्टरर्ज/ मिस्ट्रेसिज	193	809	1252
अध्यापक (सी० एंड वी०)	348	471	672
जे० बी० टी० अध्यापक	1562	1872	2982

महाविद्यालय	(प्राध्यापक)
1988	241
1989	92
1990	117

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HEALTH DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not retate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23-3-88		
185.	तारांकित प्रश्न संख्या 344 पर चौधरी सतबीर सिंह कादयान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न --"क्या मंत्री जी बताएंगे कि मैलाथियान, बी0 एच0 सी या डी0 डी0 टी0 के चोरी करने के आरोप में कितने कर्मचारियों को दोषी पाया गया है। यदि कोई दोषी पाए गए हैं, तो उनके खिलाफ क्या एक्शन हुआ है ?"	********** ******* ** जिन व्यक्तियों (सर्वश्री अब्दुल सतार, रामनारायण, दिलीप सिंह, दराबारा सिंह गुरचरण सिंह, तथा अवतार सिंह) का मैंने ऊपर जिक्र किया है, उनमें से नं0 3 से 8 तक को चार्ज शीट किया गया था और उन्होंने अपना जवाब भी विभाग को दे दिया है। विभाग इस पर जल्दी ही निर्णय ले लेगा।	1. श्री अब्दुल सतार इस कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच करवाने हेतु डा0 (श्रीमति) सन्तोष मित्तल उप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्का0) सिरसा को नियुक्त किया गया है, उनसे जांच रिपोर्ट अपेक्षित है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि कर्मचारी दोषी पाया गया तो अनुशासनिक कार्यवाही कर ली जायेगी। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी को समय पर स्मरण-पत्र जारी किये जा रहे हैं। 3. श्री राम नारायण इस कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासानिक कार्यवाही करने बारे सिविल सर्जन, सिरसा से कर्मचारी को सर्व किया गया आरोप-पत्र तथा उस पर टिप्पणी मांगी गई है। उसके प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। यदि कर्मचारी दोषी पाया तो अनुशासनिक कार्यवाही कर ली जायेगी। 5. श्री गुरचरण सिंह एस0एम0 आई0 इस कर्मचारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही	केस नं0 2 तथा 4 ड्रौप किए गए तथा तथा केस नं0 1,3 और 5 के बारे में कमेटी लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहेगे। (16-11-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करने हेतु जांच-रिपोर्ट अपेक्षित है। जांच-रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि कर्मचारी दोषी पाया गया तो उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही कर ली जायगी। (4-11-91)	
		25 मार्च, 1988		
186.	श्री मोहिन्द्र सिंह दहिया द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 162 का भाग (क)—जिला सोनीपत के रोहट निर्वाचन क्षेत्र के यदि किन्हीं गांव में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं तो उनके नाम क्या हैं ?	(क) रोहट विधान सभा क्षेत्र में एक ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है।	ग्राम रोहट, जिला सोनीपत में सरकार के पत्र क्रमांक 20/88/89 5एच बी-III, दिनांक 2.3.1990 द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। (4-11-91)	समिति यह जानना चाहती है कि यह स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, उसके पश्चात जो कार्यवाही की गई है उसके बारे में समिति को बताया जाए। (16-11-91)
		25 मार्च, 1988		
187.	श्री वेद सिंह मलिक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 192— (क) क्या जिला सोनीपत की तहसील गन्नौर के किन्हीं स्वास्थ्य केन्द्र, सार्वजनिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उपरोक्त केन्द्रों के कब तक खोले जाने की संभावना है ?	(क) (i) सहायक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं (ii) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र —जी हां। (ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के अंत तक एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाना है।	सरकार ने अपने यादि क्रमांक 20/258/87-5 एच. बी:III, दिनांक 4-9-90 द्वारा निर्णय लिया है कि प्रा0 स्वा0 केन्द्र गन्नौर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड किया जाये। इस के लिए अतिरिक्त भूमि का अभिग्रहण धन उपलब्धी पर किया जायेगा। सरकार के आदेशानुसार प्रा0 स्वा0 केन्द्र, गन्नौर की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में	समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (16-11-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अपग्रेड करने का प्रस्ताव वित्तीय विविधा सहित सरकार के इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 14/119-2 योजना-91/154 दिनांक 26-3-91 द्वारा भेजा हुआ है। परन्तु सरकार से स्वीकृति अभी अपेक्षित है। (4-11-91)	
		19-3-90		
188.	तारांकित प्रश्न संख्या 1095 के संदर्भ में सेठ लछमण दास बजाज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय करनाल में 3 जनवरी को अस्पताल का उद्घाटन हुआ था। उस वक्त यह कहा गया था कि पन्द्रह दिन के अन्दर इस पर काम शुरू [नहीं हुआ है] क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इस अस्पताल पर कब तक काम शुरू हो जाएगा ?"	उस दिन (3 जनवरी को) यह तय हुआ था कि इस पर जल्दी काम शुरू हो जाएगा। अध्यक्ष महोदय, यदि उस पर काम शुरु नहीं हुआ है तो इस बारे में पता करवा लिया जाएगा और जल्दी से जल्दी काम शुरू करवा दिया जाएगा। होगा	सामान्य अस्पताल, करनाल के नव भवन निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृत वर्ष 1983 में सरकार द्वारा जारी की गई थी। इस अस्पताल को अनुमानित लागत 362.04 लाख रूपये थी। धन अभाव के कारण इस अस्पताल के केवल निम्नलिखित कार्य पूर्ण हुए हैं और शेष कार्य सरकार द्वारा अस्पतालों/डी० टी०सीज के भवन निर्माण हेतु पर्याप्त धन राशि उपलब्ध करवाए जाने पर करवाया जाएगा :— 1. 1882 वर्गफुट के रिहायशी भवन-3 2. 1220 वर्गफुट के रिहायशी भवन-16 3. 440 वर्गफूट के रिहायशी भवन-12 यहा यह लिखा जाता है कि जिला विकास परिषद, करनाल ने	समिति इस बारे में लेटेस्ट पोजिशन जानना चाहती हैं। (16-11-91)

F.O. 30/6/92

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			चन्दा इक्ट्ठा करके करनाल अस्पताल के मेन भवन का निर्माण शुरु कर रखा है और जिला विकास परिषद से प्राप्त सूचना अनुसार ग्राऊंड फ्लोर का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और इस पर 50.00 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं । (4-11-91)	
		11-3-91		
189.	श्री योगेश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1394 --"क्या जनरल अस्पताल, फरीदाबाद की नई इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त इमारत का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?"	जी हां, धन के उपलब्ध होने पर दो वर्ष के अन्दर।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-0 30/11/92	
		11-3-91		
190.	तारांकित प्रश्न संख्या 1428 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"औरंगाबाद का कम्युनिटी हैल्थ सैंटर कब स्थापित हुआ था और इसको अपग्रेड करने का मामला कब से विचाराधीन है ? दूसरा मेरा सवाल यह है कि नांगल जाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब खोला गया था और इसकी ईमारत कब तक बनकर तैयार हो जाएगी ?"	भारत सरकार द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अनुसार प्रत्येक 4 प्राथमिक स्वास्थ्य (केन्द्रों) के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें 30 बिस्तर तथा शल्य चिकित्सा, फिजिशियन, स्त्री रोग, बाल रोग, एवं दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे, स्थापित किए जाएंगे। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह बताना चाहूंगा कि इन 4 पी0ए0सीज0 में से होडल को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F-0 30/11/92	
		11-3-91		
191.	तारांकित प्रश्न संख्या 1428 पर श्री बनारसी दास गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"मैं आपके माध्यम	रावत साहब प्राईमरी हैल्थ सैंन्टर की अपग्रेडेशन के बारे में बात कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, अब तक हरियाणा में	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि * * * * क्या कारण है कि ये इनके पूछे हुए सवाल का जवाब नहीं दे रहे हैं। इस प्राइमरी हैल्थ सैन्टर (प्राइमरी हैल्थ सैन्टर, नांगल जाट को सी0 एच0 सी0) की अपग्रेडेशन क्यों नहीं हो रही । सरकार की कौन सी नीति है जिसके अन्दर यह कवर नहीं होता, क्या ये इन को बताने की कृपा करेंगे?"	41 सी0 एच0 सीज0 चल रही हैं और इस साल 17 और सी0 एच0 सीज0 को अपग्रेड किया जाना विचाराधीन है।		
		15-3-1991		
192.	तारांकित प्रश्न संख्या 1359 के संदर्भ में श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने बताया है कि डबवाली में हस्पताल बनाए जाने के लिए हुड्डा को जमीन की पेमैंट करनी है और उसके बाद वह जमीन हैल्थ-विभाग को ट्रांसफर हो जाएगी । मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि यह जमीन लेने के लिए हुड्डा को कब तक पेमैंट कर देंगे ?"	यह पेमैंट जल्दी ही कर दी जाएगी ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

LOCAL GOVERNMENT DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
193.	तारांकित प्रश्न संख्या 960 पर डा0 बृज मोहन गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–"मेरा एक सवाल तो यह है कि इतने कम किराये की वजह से (जगाधरी नगरपालिका की इमारत पट्टे पर देने के कारण) कमेटी को जो लाखों रुपए का नुक्सान हुआ है, क्या उसकी रिकवरी कर सकते हैं ? दूसरा यह है कि क्या इसकी लीज कैंसिल कर सकते हैं और अगर और कुछ नहीं हो सकता तो क्या किराया बढ़ा सकते हैं ?"	11-9-89 स्पीकर साहब, मैं सदन को आश्वासन देना चाहता हूं कि हमारी सरकार का उद्देश्य भ्रष्टाचार बन्द करना है। मैं इसकी इंक्वायरी करवाऊंगा कि यह किस अफसर ने हिमाकत की और इतना नुक्सान किया कि एक हजार रु0 की इंकम के अगेंस्ट 1 लाख 21 हजार रुपया खर्च हो। घर बैठे बिठाये एक लाख 21 हजार रु0 की पेंशन दे दी। मैं इसकी इंक्वायरी करवाऊंगा और ला डिपार्टमैंट से पूछ कर अगर लीज कैंसिल हो सकेगी तो उसको कैंसिल करने की भी कार्यवाही की जाएगी।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 2/2.
194.	तारांकित प्रश्न संख्या 986 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, वहां (नगरपालिका होडल की सम्पत्ति का अवैध कब्जा) पर उस आदमी (श्री रूपी, नगरपालिका सदस्य) ने बीस लाख की प्रोपर्टी नाजायज तौर पर दबा रखी है। नगरपालिका ने लोन लेकर उस पोपर्टी को बनवाया था और उस आदमी ने उस पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया। क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि कब्जा कब से है और जांच में विलम्ब होने का क्या कारण है तथा कब से जांच पैंडिंग है ?"	11-9-1989 अध्यक्ष महोदय, यह लाखों की प्रापर्टी है, यह तो आनरेबल मैम्बर खुद समझ सकते हैं। सवाल यह किया गया था कि क्या वहां पर किसी ने नगरपालिका की प्रोपर्टी पर नाजायज कब्जा कर रखा है और इस मामले में कोई ऐक्शन लिया गया है। अध्यक्ष महोदय, मुझ से पहले फरवरी में इस बारे में इंक्वायरी इंस्टीच्यूट हुई थी। मैंने ओफिसर्ज से पूछा कि छः महीने इसको क्यों हो गए हैं। अब मैं तार द्वारा इसको ऐक्सपीडाइट करवा रहा हूं और कानून में जो डिस्कवालिफिकेशन है, उसको भी दूर किया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 2/2.
195.	तारांकित प्रश्न संख्या 1057 पर श्री किरपा राम पुनिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह जानना चाहता हूं कि म्यूनिसिपल कमेटीज में सफाई कर्मचारियों को जो आज समाज के सब से पिछड़े हुए लोग हैं, प्रायरिटी देकर के दूसरे ऐडहाक एम्पलाइज से पहले रैगुलर कर दिया जाएगा ?"	15-3-90 इस पर विचार कर लिया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 2/2

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		16-3-1990		
196.	हरियाणा राज्य में नगरपालिकाओं द्वारा या उनके विरुद्ध दर्ज किए गए मामले जो पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय में आज तक लम्बित पड़े हैं संबंधी श्री लछमन दास बजाज द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 184	इसके लिए जानकारी राज्य में प्रत्येक नगरपालिका से एकत्रित की जानी है जिसमें समय लगेगा । इसलिये निवेदन है कि इस जानकारी को देने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया जाए । तदानुसार समय बढ़ाने की कृपा करें ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		5-3-1991		
197.	तारांकित प्रश्न सं0 1317 पर श्री अनिल कुमार विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, अपने लिखित उत्तर में तो इन्होंने लिखा है कि प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। अब कह रहे हैं कि जब तक डी0 सी0 से रिकमैंड होकर नहीं आ जाता तब तक उन (कालोनीज़) को रैगुलर नहीं कर सकते । मैं इससे जानना चाहता हूं कि क्या इन्होंने इस बारे में कोई सर्वे करवाया है कि इन कालोनीज़ को एप्रूव करना है या नहीं ?"	स्पीकर साहब, इस बारे में कई प्रोपोज़ल्ज़ डी0 सीज़0 के पास हैं। जब उनकी तरफ से कम्पलीट रिकमैंडेशंज आ जाएंगी तो केवल अम्बाला शहर में ही नहीं, बल्कि, सारी स्टेट में, जहां भी ऐसी कालोनीज़ हैं, उनको रैगुलराईज़ कर दिया जाएगा। सरकार का यह ईरादा नहीं है कि उनको गिराया जाए ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		5-3-1991		
198.	तारांकित प्रश्न सं0 1317 पर श्री अध्यक्ष द्वारा स्पष्ट किया गया अनुपूरक प्रश्न—"सवाल यह है कि जो अनअथोराइज्ड कालोनीज़ अफसरों के नाक के नीचे बनती हैं, वे अफसर उनके बारे में कुछ नहीं करते, उनके खिलाफ क्या एक्शन लेने की जरूरत है ?"	स्पीकर साहब, तकरीबन 40 साल हो गए हैं । इस किस्म की अवैध कालोनीज़ हर शहर में बसी हुई हैं । इस स्टेज पर उनको गिराना बहुत मुश्किल है । लेकिन सरकार कोशिश कर रही है कि उनको रैगुलराईज़ करने की डी0 सीज़0 से रिकमैंडेशन हो जाए तो उसके बाद उनको नियमित कर दिया जाएगा ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		8-3-1991		
199.	तारांकित प्रश्न सं0 1316 के संदर्भ में श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—	स्पीकर साहब, इसमें लापरवाही किसी की नहीं है । जो पैसा बाकी रहता है वह 31 मार्च, 1991 तक दे देंगे ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	"...पंचायत समितियों और नगर-पालिकाओं को जो 9.06 करोड़ रुपए की राशि अभी तक नहीं दी गई उस लापरवाही के लिए किस को जिम्मेदार ठहराया है ?"			
		8-3-1991		
200.	तारांकित प्रश्न संख्या 1316 के संदर्भ में श्री अनिल कुमार विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"...अभी मुख्य मंत्री महोदय ने बताया है कि 1 करोड़ 63 लाख रुपए तो इनको (पंचायतों और नगरपालिकाओं) दिए जा चुके हैं और बकाया लगभग 9 करोड़ रुपया 31 मार्च तक इनको दे दिया जाएगा, यह बहुत अच्छी बात है। मैं मुख्य मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इनको यह पैसा सारा साल रोकने की बजाए क्या इस पैसे को आगे से तिमाही किस्तों में दिए जाने की व्यवस्था करेंगे ताकि वहां पर डिवैल्पमैंट के काम अधिक हो सकें ?"	स्पीकर साहब, हम अगले साल से ऐसी व्यवस्था करेंगे कि यह पैसा उन को क्वार्टरली मिल सके ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		8-3-1991		
201.	तारांकित प्रश्न संख्या 1316 के संदर्भ में श्री सीता राम सिंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, सभी विधायक अपने अपने हल्को में म्यूनिसिपल कमेटीज़ और पंचायतों को कितनी कितनी यह राशि दी गई, के बारे ब्यौरा जानना चाहते हैं। मैं मुख्य मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वे सभी 90 के 90 हल्कों में दी गई राशि का वितरण सभी विधायकों को सप्लाई करवाएंगे ?"	सभी के पास यह सूचना भिजवा देंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
202.	तारांकित प्रश्न संख्या 1383 पर श्रीमती कमला वर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, बजट के अन्दर 52 लाख 58 हजार रुपए आवास सुधार योजना के लिए रखे गए हैं। क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिन जिन जगहों पर झुग्गी-झोंपड़ियां हैं, क्या उनको फिर से बसाने के लिए कोई नमूना बनाकर इन्होंने भेजा है कि उनको इस तरह की आवासीय सुविधा दी जाएगी ?"	11-3-1991 ***अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद के लिए एक बहुत बड़ी स्कीम बनाई जा रही है और इस स्कीम पर तेरह करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा और छब्बीस हजार झुग्गी झोंपड़ियों को मकानों में कन्वर्ट किया जाएगा। लोगों को 35-35 गज के प्लाट्स दिए जाएंगे और जमीन का रेट 150 रुपया प्रति गज का होगा। इस स्कीम को हुड्डा तथा वहां का काम्पलैक्स दोनों मिलकर तैयार करेंगे इस स्कीम पर जल्दी ही अमल किया जाएगा।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 22/5 F.O 2/2.
203.	तारांकित प्रश्न स0 1383 पर श्री योगेश चन्द शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर सर, बल्लभगढ़ के अन्दर लगभग 26 अवैध कालोनीज़ हैं और वहां पर फरीदाबाद-कम्पलैक्स एडमिनिस्ट्रेशन के कर्मचारी आते हैं और उन अवैध कालोनीज को तोड़ कर चले जाते हैं या फिर अगर कोई पैसा दे देता है तो उसके घर को नहीं गिराते। ऐसा करने से लोगों को काफी परेशानी रहती है। ***इस तरह की अवैध कांस्ट्रक्शन रोज़ हो रही है। क्या ऐसी कालोनीज़ को पास करके सरकार इस अन्याय से लोगों को छुटकारा दिलाने का विचार रखती है ?"	11-3-1991 अध्यक्ष महोदय, जहां जहां इस प्रकार की कालोनीज बन चुकी हैं सरकार उनके बारे में विचार कर रही है। मैं अपने माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूं कि वे वहां की म्युनिसिपल कमेटी द्वारा एक रैजोल्यूशन, डी0 सी0 के द्वारा रिकमैंड करवा के हमारे पास भेजें तो उसकी जांच करवा लेंगे और उसके बाद लोगों से 20-25 रुपए गज़ के हिसाब से डिवैल्प-मैंट चार्जिज लेकर ऐसी कालोनीज़ को रैगुलेराइज़ करवाने के लिए सरकार विचार करेगी।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	Drop 29/5/92 69
204.	श्री हरि सिंह सैनी द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न स0 1346 का भाग (क)— (क) क्या कपड़ा मिल, हिसार की भूमि का कब्ज़ा लेने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है;	5-3-1991 (क) जी हां, प्रस्ताव है परन्तु मामला उच्च न्यायालय में लम्बित है। Relates to the Revenue Deptt Relate to Town & Country planning Deptt आदेश क्र0 7/11/92	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	F.O 27/5

F.O 7/12

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		6-3-1991		
205.	तारांकित प्रश्न संख्या 1375 पर श्रीमती कमला वर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, 81 नम्बर पर जो आदमी है उसके अगैंन्सट दो लाईसैंस (रेहड़ी) इशू हुए हैं। (लाइसैंस होल्डर्ज की लिस्ट डिपार्टमैंट के पास है) क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि ये किसके आर्डर्ज से दिए गए हैं ? मेरी नौलिज में यह बात है कि इनके अफसर पैसे ले लेकर के यह सारा काम कर रहे हैं और लाइसैंस दे रहे हैं।"	स्पीकर साहब, 5 नवम्बर के अखबार में भी यह दर्शाया गया था कि दो लाइसैंस एक ही नम्बर के हैं। इसकी बाकायदा चैकिंग करवाई गई। इसमें क्लैरिकल मिस्टेक थी जिसको ठीक करवा देंगे	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

67

F-O 27/5

Relate to Town & Country planning vide letter 7/1/92-2TCP dated 5-8-92

Dropped 7/12/92

68

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TOWN AND COUNTRY PLANNING DEPARTMENT

Note:—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does note relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23-8-1988		
206.	श्री रणजीत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 598– "क्या सिचाई तथा बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि पिछले दो वर्षों के दौरान जिला करनाल में अनाधिकृत निर्माण के विरुद्ध यदि कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं तो उनकी कुल संख्या कितनी है तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?"	53. इनमें से 28 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है व शेष शिकायतों के संबंध में न्यायोचित कार्यवाही की जा रही है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		9-3-1989		
207.	तारांकित प्रश्न सं0 875 के संदर्भ में श्री कान्ति प्रकाश भल्ला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न––"अध्यक्ष महोदय, पंचकूला प्रोजैक्ट के तहत 7–8 गांव ऐसे हैं जिनकी सारी जमीन ऐक्वायर हो चुकी है और केवल आबादी बाकी रह गई है। उस आबादी को सीवरेज और फिर एमिनिटीज उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या इन गांवों को सीवरेज और बाकी सहूलियतें भी दी जाएंगी?"	स्पीकर सर मौजूदा सरकार के आने के पश्चात से इस बात पर बड़ी गहराई से विचार किया जा रहा है कि हुड्डा जमीन ऐक्वायर कर ले। कुछ गांवों की तो मोस्ट आफ दी लैंड ऐक्वायर हो चुकी है लेकिन कुछ गांव ऐसे भी हैं जिनकी टोटल जमीन हुड्डा द्वारा ऐक्वायर हो चुकी है, हमारे मौजूदा सी0 एम0 साहब जब सोहना से गुड़गांव जा रहे थे तो उन्होंने कार्टर पुरी गांव विजिट किया था जिस कारण यह गांव ऐतिहासिक बन गया। इस गांव की हालत भी काफी खस्ता पाई थी। चौधरी साहब ने कार्टर पूरी विलेज की खस्ता हालत को देखा तो उन्हें बहुत कष्ट हुआ। सी0 एम0 साहब के आदेशानुसार मैंने भी खुद इस गांव का दौरा किया था। जिन गांवों के चारों ओर सैक्टर फैल गए हैं, उन गांवों की सीवरेज वगैरा की सुविधा हुड्डा प्रोवाईड करे, इस बारे में हम जल्दी ही फैसला लेने वाले हैं।	Latest position of dev. works of various villages has been shown against Assurance No. 179 (200) 204 above. However, the estimates for renovation of V. Carterpuri amounting to Rs. 5,00,000/- have already been approved by the Administrator, HUDA, Gurgaon and the dev. works are being started and will be completed during the financial year i.e. upto 3/92. (20-8-91)	The Committee decided to retain the assurance pertaining to village Carterpuri in Gurgaon district. The Committee, however, would like to know the latest position in this regard. (18-9-91)
		11-9-1989		
208.	तारांकित प्रश्न संख्या 936 पर श्री धर्मपाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न––"स्पीकर साहब,	*****हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को उन भूमिपतियों की ओर से जिनकी भूमि सैक्टर 31 और 32–ए	Since the land in sec. 31-32-A, Gurgaon was acquired on 21-9-86 and the allotment to the land owners of	The Committee would like to orally examine the departmental representa-

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	उप मुख्य मंत्री जी ने बताया कि गुड़गांव में किसानों को प्लाट दिए गए हैं। क्या वे बताएंगे कि किस गांव के लोगों को किस सैक्टर में प्लाट दिए गए हैं?"	में गुड़गांव विकास हेतु अर्जित की गई है, 150 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिन पर विचार किया जा रहा है। F-0 27/5 -19-3-1990	this sector cannot be made under the oustees policy framed by HUDA which is applicable in such cases whose land is acquired after 10-9-87 i.e. the date of issue of the said policy. (20-8-91)	tives in one of its subsequent meetings. (18-9-91)
209.	तारांकित प्रश्न सं0 1059 के संदर्भ में श्री हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से उप-मुख्य मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि (भूमि रहित एवं कमजोर वर्ग के लोगों को) इन प्लाट्स की एलाटमैंट से पहले भी कुछ वीकर सैक्शंज के लोगों को प्लाट अलाट किए गए थे। उनका आज तक कब्जा नहीं मिला है। मैं आपके द्वारा जानना चाहता हूं कि क्या सरकार उन का कब्जा दिलाने के बारे में कोई कार्यवाही करने जा रही है? इसके अलावा, करनाल जिले में स्टोंडी गांव है वहां कब्जा होने के बाद भी उनसे प्लाट्स छुड़ाए गए हैं। क्या सरकार उन्हें दुबारा से कब्जा दिलवाने के बारे में प्रयास कर रही है?"	"***हमारी सरकार आने के बाद प्लाट्स भी दिए गए। कब्जा अभी हम दे नहीं पाए हैं क्योंकि डिवैल्पमैंट के काम इन प्रोग्रेस हैं और इसी साल में अम्बाला और पंचकूला के डिवैल्पमैंट के काम पूरे कर लेंगे तो उन्हें कब्जा भी देंगे।" F-0 7/12	It is intimated that the work of electrification in EWS colony Sector—9, Ambala will be completed by 15-6-91 and work of P.H./Road works have already been completed. The poles in E.W.S. colony Sector—19, Panchkula have been errected but the strining of conductor not done due to apprehension of the theft. The P.H./Roads works in Sector—19, EWS colony, Panchkula have been completed. On the completion of development works in Sector-9, Ambala and sector 19, Panchkula the possession of EWS plots will be offered to the allottees. (20-8-91)	The Committee observed that the department has not furnished the reply regarding handing over the possession of plots to weaker section in village Staundi in District Karnal. The Committee would like to have this information at the earliest. (18-9-1991) F-0 27/5

Related to the Revenue Deptt
vide comm. + Secy to Govt. Hy
Town and Country planning Deptt
Endst. No. 6-33-89-2TCP
dated 16-10-92

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SOCIAL WELFARE DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		6-3-1991		
210.	श्री जय नारायण खुंडिया द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 261 का भाग (ख)— (ख) क्या अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित व्यक्तियों के कोटे में अभी भी कमी है; यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है ?	(ख) * * * * * * * वसे, अभी यह निर्णय लिया गया है कि सिपाही के स्तर पर अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्ग के सदस्यों को अधिक संख्या में लेकर धीरे-धीरे कमी को पूरा किया जाए ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ । Transfer to Home Deptt. vide letter No. 1029-SW(3)-92 dated 30-6-92 No. 210, 211	
		8-3-1991		
211.	तारांकित प्रश्न सं0 1343 के संदर्भ में श्री सूरज भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न — "स्पीकर साहब, यह मिसलीडिंग जवाब है । गवर्नमैंट आफ इंडिया के भी आर्डर हैं हरियाणा सरकार को कि जब तक इनका (हरिजन और पिछड़े वर्ग) बैक लॉग पूरा न हो जाए तब तक दूसरी भर्ती बन्द की जाए इसलिए केवल 25 प्रतिशत ही क्यों ?"	"***स्पीकर साहब, मैं अपने मुख्य मंत्री जी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने आर्डर किया है कि जब तक हरियाणा प्रदेश में शिड्यूल्ड कास्टस और बैकवर्ड क्लासिज के रिजर्वेशन कोटे का बैकलॉग पूरा नहीं होगा तब तक शिड्यूल्ड कास्ट्स की 20 परसैन्ट की बजाए 25 परसैन्ट रिजर्वेशन के हिसाब से रिक्रूटमैंट की जाएगी । स्पीकर साहब, शायद किसी दूसरी स्टेट ने ऐसा नहीं किया है हरियाणा पहला प्रदेश है जहां पर शिड्यूल्ड कास्टस को 20 परसैन्ट रिजर्वेशन की बजाए 25 परसैन्ट रिजर्वेशन के हिसाब से नौकरी दी जाएगी ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	
		12-7-1991		
212.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई बहस के उत्तर में श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया प्रश्न: "आप बूढ़ों की पैंशन को रैगुलेराइज करिए हमें इसमें कोई एतराज नहीं है लेकिन आप यह बता दें कि जो पैंशन बाकी है वह कब तक दे देंगे ? आप जो पैंशन देंगे वह महीने की किस तारीख को देंगे ? आप कृपा करके महीने की वह तारीख बता दें जिस तारीख को आप बुजुर्गों को पैंशन देंगे ?	****बहन जी, यदि यह इतना आसान काम होता तो इन्होंने 8 महीने क्यों गुजारे हम इसको दोबारा से देखेंगे और हर महीने की 7 तारीख को पेंशन देंगे । जो आदमी पेंशन का हकदार है, पात्र है उसी को देंगे । अगर पेंशन बकाया रहती है तो वह भी देंगे । लेकिन हम सही तरीके से जांच करेंगे कि जो आदमी पेंशन ले रहा है वह जिन्दा है या नहीं है या 60 साल की आयु का है या नहीं है । यह जांच तो हम करेंगे कि वह 55 साल का तो नहीं है ?	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ ।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

FINANCE DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		13-3-1991		
213.	वर्ष 1991–92 के बजट की अनुदान मांगों पर हुई बहस पर श्री मोहम्मद असलम खां द्वारा दिया गया भाषण "**** हमारे यहां खिजराबाद में एक्साईज एण्ड टैक्सेशन का एक बैरियर लगा हुआ है। वह बोर्डर से पच्चीस किलोमीटर पर है लेकिन इस बैरियर के कारण लोगों को बहुत भारी परेशानी हो रही है, लोगों को बहुत तकलीफ है।******* ***पहले यह बैरियर कलेसर में था उसके बाद ताजेवाले में लगाया और उसके बाद खिजराबाद में लगा दिया। मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि लोगों को इससे बड़ी तकलीफ है इसलिए इस बैरियर को वहां से हटा दिया जाए। ****	****चौधरी असलम खां ने अपने यहां किसी टैक्स बैरियर की बात की। उनकी ग्रिवेन्स की मुत्तालिक महकमें को भेज देंगे और जरूरी कार्यवाही करेंगे।****	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		11-7-1991		
214.	हाऊस की सिटिंग का समय बढ़ाए जाने के प्रस्ताव के समय श्री अमर सिंह धानक द्वारा इन्कम टैक्स की लिमिट बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संदर्भ में श्री बंसी लाल द्वारा पूछा गया प्रश्न– "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए मुख्य मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि इस प्रस्ताव को कल के लिए पोस्टपोन कर लें और मुख्य मंत्री जी इस प्रस्ताव के बारे में एल0 आर0 से या किसी और ऑफिसर से लीगल एडवाईस, यदि लेना चाहें, वह ले लें।"	इस प्रस्ताव को अगले सैशन में देख लेंगे।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		11-7-1991		
215.	श्री अमर सिंह धानक द्वारा इन्कम टैक्स की लिमिट बढ़ाने संबंधी	"...इस हालत में जब खजाने की पहले ही इतनी भारी समस्या है।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

Relates to the F.C. and Secy. to Govt. Haryana Excise and Taxation Deptt. vide letter No. आशा। क्र0 28/15/92-5 ...दिनांक 24/4/92.

Dropped 8/4/93

Dropped 20-7-92

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संदर्भ में श्री बंसी लाल द्वारा पूछा गया प्रश्न- "अध्यक्ष महोदय, सारे भारत को रास्ता तो यह कुरुक्षेत्र की भूमि वाला हरियाणा ही देता है इसलिए अगर हम ऐसा करेंगे (इन्कम टैक्स की लिमिट बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को भेजना) तो बाकी असैम्बलीज़ भी इसे पास करेंगी । मैं यह भी कहता हूं कि मुख्य मंत्री जी इस पर लीगल राय ले लें और कल तब इसे पोस्टपोन कर दें और फिर इसको बगैर डिस्कशन के पास कर दें ।"	सरकार को इस बारे में सोचना पड़ेगा । इसीलिए मुख्य मंत्री जी ने समय मांगा है और हम विचार करके इस बारे में कोई फैसला लेंगे ।" 20-7-82 72		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be trasferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 स0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		3-9-1990		
216.	तारांकित प्रश्न सं0 1198 पर श्री पूर्न लाल कटारिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर साहब, कई जगहों पर शराब के ठेके शिक्षा केन्द्रों के पास खोल दिए जाते हैं । जैसे खरिंडवा गांव है वहां पर बिल्कुल स्कूल के पास ठेका खुला हुआ है । वहां पर विद्यार्थी दो चार रुपए में पैग लेने लगे हैं । यह मामला ग्रीवेंसिज कमेटी के अन्दर भी उठाया गया था । मैं जानना चाहता हूं कि इस पर मंत्री जी ने क्या कार्यवाही की है । अगर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है तो शीघ्र की जाए ताकि वहां पर असामाजिक तत्व पैदा न हों ।"	स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से सदन के सम्मानित सदस्यों को बताना चाहूंगा कि आबकारी नीति के तहत स्कूल, कालेज, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थान, पूजा-स्थल, जी0 टी0 रोड, गांव का कुआं, मजदूर कालोनी और हरिजन बस्तियों से दूर शराब के ठेके खोलने की व्यवस्था है । फिर भी माननीय सदस्य ने जो हाउस में जानकारी दी है उसकी हम जांच करवाएंगे और ठेके को हटवाने की कार्यवाही करेंगे ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		12-7-1991		
217.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई बहस के उत्तर के दौरान श्री बंसी लाल द्वारा पूछा गया प्रश्न— "स्पीकर साहब, 1975 से तीन साल पहले व्यापारियों की दुकानों पर मैंने इंस्पैक्टर जाने बंद कर दिए थे और यह कर दिया था कि व्यापारी सेल्ज टैक्स की जो रिटर्न भर कर दे देंगे ई0 टी0 ओज0 उसको क्वेश्चन नहीं कर सकेंगे । (विघ्न) आप 1975 से पहले वाली पोजिशन कर दें, ठीक है ।	सुझाव अच्छा है लेकिन इस पर विचार करना पड़ेगा । जो कुछ हो सकता है वह करने की कोशिश करेंगे ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TOURISM DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20-3-1990		
218.	खान पान और होटल प्रबंध पानीपत के हरियाणा संस्थान के हरियाणा से किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय के संबद्ध करने के प्रस्ताव संबंधी श्री परमानंद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1096 के भाग (घ) के उत्तर में ।	हां । हरियाणा पर्यटन निगम ने तिथि 29-12-87 को निदेशक, तकनीकी शिक्षा संघ, हरियाणा को पत्र लिखकर मान्यता प्राप्त करने का अनुरोध किया था । इसके उत्तर में निदेशक तकनीकी शिक्षा ने केटरिंग संस्थान पानीपत के निरीक्षण के लिए एक तकनीकी समिति भेजी । निरीक्षण के बाद तकनीकी समिति ने मान्यता प्राप्त प्रदान करने से पहले कुछ व्यवस्थाएं स्थापित करने जैसे खाद्य प्रयोगशाला, कम्पयूटर प्रयोगशाला, बेकरी प्रयोगशाला, जनरेटिंग सैट, फर्नीचर इत्यादि की सिफारिश की । इनमें से अधिकतर सुविधाएं केटरिंग संस्थान पानीपत में उपलब्ध कर दी गई हैं और बाकी सुविधाएं उपलब्ध करा देने के बाद निदेशक तकनीकी शिक्षा संघ से मान्यता प्रदान करने के लिए पुनः अनुरोध किया जाएगा । निदेशक तकनीकी शिक्षा संघ से मान्यता प्राप्त हो जाने के उपरान्त केन्द्रीय सरकार शिक्षा मंत्रालय से भी मान्यता प्रदान करने का अनुरोध किया जाएगा ।	यह मामला अभी भी तकनीकी शिक्षा बोर्ड के साथ चल रहा है और शीघ्र निर्णय करवाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं । (23-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (26-2-92)

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ANIMAL HUSBANDRY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-9-1989		
219.	तारांकित प्रश्न संख्या 973 पर श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"क्या मंत्री महोदय, हर जिला हैड क्वार्टर पर इस तरह के सैन्टर (गायों की अच्छी नस्ल तैयार करने) खोलने पर विचार करेंगे ?"	स्पीकर साहब, इस तरह के सैन्टर हर जिला हैड क्वार्टर पर खोले जाएंगे ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		14-3-1990		
220.	वर्ष 1990-91 का बजट भाषण।	कृषि अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में पशु पालन एवम् डेरी विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उसे मजबूत करने के लिए हमारे प्रयास निरन्तर जारी रहेंगे । इस वर्ष के अन्त तक, हरियाणा में 495 पशु अस्पताल, 478 पशु-डिस्पेंसरियां, 60 क्षेत्रीय कृत्रिम वीर्यसेचन केन्द्र और 777 पशुपालन केन्द्रों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी । इसके अतिरिक्त 8 जिलों में एकीकृत पशु विकास परियोजना भी चालू है । अगले वर्ष के दौरान एक पालीक्लिनिक, 40 पशु डिस्पेंसरियां खोलने और 30 विद्यमान पशु-डिस्पेंसरियों का दर्जा बढ़ा कर पशु-अस्पताल में बदलने का प्रस्ताव है ।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		13-3-1991		
221.	श्री मनी राम द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1358 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या गांव चौटाला, तहसील डबवाली, जिला सिरसा में पशुओं के लिए एक बहु-चिकित्सालय (पोलीक्लिनिक) खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा	(क) जी हां ।	यह ठीक है कि चौटाला में पोलीक्लिनिक स्थापित करने के लिए वर्ष 1990–91 में 31.57 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई परन्तु अब इस राशि को एच0 वी0 वी0 आई0 हिसार के नये भवनों पर व्यय करने का निर्णय लिया गया है । (8–1–92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (26.2.92)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?	(ख) प्रस्तावित पोलीक्लिनिक, धनराशि की उपलब्धि की सशर्त वर्ष 1991-92 के दौरान पूरा होने की संभावना है ।		

Drop 28/7/92

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TECHNICAL EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does note relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23-2-1989		
222.	तारांकित प्रश्न संख्या 746 पर श्री योगेश चन्द शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"स्पीकर साहब, मंत्री जी ने फरीदाबाद में महिलाओं के लिए पोलिटैक्निक खोलने के बारे में बताया है । मैं आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उसकी बिल्डिंग बनाने का काम कब तक शुरू कर दिया जाएगा ?"	स्पीकर साहब, उसकी गवर्नमैंट आफ इंडिया से सैंक्शन मिल गई है और नैक्सट फाईनान्शियल ईयर से उसको बनाने का कुछ काम शुरू करेंगे ।	इस बहुतकनीको को स्थापना हेतू विभाग ने हुड्डा फरीदाबाद की 12 एकड़ भूमि सैक्टर-8 फरीदाबाद में खरीदने का निर्णय लिया है । राज्य सरकार ने उक्त 12 एकड़ भूमि की कीमत की अदायगी हेतु 64.5 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। तथा इस राशि का 10 प्रतिशत भाग अर्थात 6.41 लाख रुपये को अग्रिम राशि के रूप में लोक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क शाखा के माध्यम से हुड्डा फरीदाबाद को बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करवा दिया है । विभाग द्वारा हुड्डो से इस भूमि का नियतन पत्र जारी करवाने हेतू प्रयत्न किये जा रहे हैं । अतः इस संस्था की भूमि उपलब्ध होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी । (22-1-92)	समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजिशन जानना चाहती है। (26-2-92)
		23-2-1989		
223.	तारांकित प्रश्न सं0 746 पर श्री मंगल सैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"स्पीकर साहब, कर्नाटक में कई प्राईवेट इंजीनियरिंग कालेज खुले हुए हैं, जिनमें हरियाणा के बहुत लड़के जाकर दाखिला	मैं डाक्टर साहब को बताना चाहूंगा कि हम कर्नाटक की तरह यहां हरियाणा प्रदेश में प्राईवेट इंजीनियरिंग कालेजों को बढ़ावा नहीं देंगे। हिसार में एक इंजीनियरिंग कालेज खोलने की तजवीज की जा रही है और एक	इस संबंध में कमेटी से प्रार्थना है कि वह इसके लिए स्थान तिथि एवं समय निर्धारित करने की कृपा करें, ताकि विभागीय सदस्य तदा-	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	लेते हैं। मैं आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या कर्नाटक की तरह हरियाणा प्रदेश में भी प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेजों को ऐन्केज करने के लिए सरकार विचार करेगी ?	मैडिकल कालेज अग्रोहा में खोलने की तजवीज की जा रही है।	नुसार उपस्थित हो सके। (22-2-92)	समिति इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (26-2-92)
		8-3-1989		
224.	वर्ष 1989-90 का बजट	**हिसार में एक और इंजीनियरिंग संस्थान स्थापित करने का हमारा प्रस्ताव है नारनौल, उटावड़, गुड़गांव तथा जीन्द में नए बहु-तकनीकी संस्थान खोले जा रहे हैं और महिलाओं के लिए फरीदाबाद में एक राजकीय बहु-तकनीकी संस्थान की स्थापना की जाएगी।	नारनौल तथा उटावड़ में बहुतकनीकी के भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, इनमें से राजकीय बहुतकनीकी को उटावड़ की अतिथि कक्षाएं चालू सत्र से हरियाणा बहुतकनीकी नीलोखेड़ी/अम्बाला में आरम्भ कर दी गई हैं तथा वर्ष 1992-93 से इसकी कक्षाएं संस्था के अपने प्रांगण में शुरू कर दी जायेंगी। चालू वित्त वर्ष से इन दोनों स्कीमों को विश्व बैंक परियोजना में सम्मिलित करके इन संस्थाओं को स्थापित करने के लिए वर्ष 1991-92 की योजना में क्रमश: 123-00 एवं 137-00 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। (22-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (26.2.92)

Drop 6/11/92

77

F-O 6/11/92

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

INDUSTRIAL TRAINING DEPARTMENT

Note :—In case assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-90		
225.	वर्ष 1990-91 का बजट भाषण	*** उद्टावर, आदमपुर, सिरसा तथा मुरथल में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाई गई है। नारनौल में एक नई बहु-तकनीकी संस्था खोली जा रही है। * * * * * * * फरीदाबाद में महिलाओं के लिए एक बहु-तकनीकी संस्था तथा हिसार में इंजीनियरिंग संस्थान स्थापित करने का कार्य आगामी वर्ष में आरम्भ किया जाएगा। झज्जर में इलैक्ट्रानिक इंजीनियरिंग तथा मुरथल में रसायन इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम भी आगामी वर्ष के दौरान आरम्भ किए जाएंगे।	उटावड़ में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस संस्था की अतिथि कक्षाएं चालू वित्त वर्ष से नीलोखेड़ी/अम्बाला में शुरू कर दी गई हैं। अगले सत्र से इसकी कक्षाएं इस बहुतकनीकी के प्रांगण में ही शुरु कर दी जायेंगी। राजकीय मैनेजमैंट एवं फार्मेसी संस्था, आदमपुर के संस्थान भवन, छात्रावास एवं स्टाफ क्वार्टरज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा इस संस्था का उद्घाटन माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने दिनांक 13-11-91 को कर दिया है। महिला बहुतकनीकी सिरसा में शैक्षिक/प्रशासनिक खण्ड, कर्मशाला, छात्रावास तथा स्टाफ आवासों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। राजकीय बहुतकनीकी नारनौल के भवन का निर्माण-कार्य प्रगति पर है तथा आशा की जाती है कि इस संस्था में 1992-93 से कक्षाएं शुरू कर दी जायेंगी। फरीदाबाद में महिलाओं के लिए बहुतकनीकी खोलने हेतु 12 एकड़ भूमि सैक्टर 8 फरीदाबाद में हुडडा	समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (26-3-92)

HSR one bound
6/11/92

Transfer Technical Education to the Deptt. vide आज्ञा क्रमांक 33/2/92-5 ओ.टी दिनांक 24-4-92 Ass. No. 225 & 227

F.O. 6/11/92

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			से ली जा रही है जिसकी स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त हो चुकी है।	
			हिसार में इंजी० संस्थान के भवन का निर्माण-कार्य आरम्भ किया जा चुका है। यहां यह भी सूचित करना उचित है कि उटावड़, नारनौल फरीदाबाद तथा हिसार में नई खोले जाने वाली संस्थाओं को विश्व बैंक परियोजना में सम्मिलित किया गया है। बहुतकनीकी उटावड़ का दिनांक 8-1-92 के माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा उद्घाटन किया जा चुका है।	
			झज्जर में इलैक्ट्रोनिक्स, कम्युनिकेशन तथा कम्प्यूटर इंजी० के डिप्लोमा तथा मुरथल में रसायन इंजी० के डिग्री के पाठ्यक्रम सत्र 1990-91 से आरम्भ किये जा चुके हैं।	
			(22-1-92)	
		3-9-1990		
226.	श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1149 का भाग (क) तथा (ख)— (क) उटावड़ (फरीदाबाद) में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इसके निर्माण	(क) तथा (ख) अध्यक्ष महोदय, मैं अपने माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ के कार्यशाला ब्लाक के निर्माण का कार्य पूरा होने जा रहा है और दूसरे इस वर्ष निर्माण कार्यों के लिए 85.20 लाख रुपये की राशि निश्चित की गई है। मुझे पूरी आशा है कि सन् 1991 तक	राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ के कार्यशाला ब्लाक, प्रयोगशाला का कुछ भाग 60 छात्रों के लिए छात्रावास तथा स्टाफ आवासों का निर्माण कार्य दिसम्बर, 1991 तक लगभग पूरा	The Committee would like to know the latest position in this regard. (13-1-92)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	के लिए कितनी राशि रखी गई है; तथा (ख) पूर्वोक्त बहुतकनीकी संस्थान, की इमारत के कब तक पूरा होने तथा उसमें कार्य आरम्भ किए जाने की संभावना है ?	यह कार्य पूरा हो सकेगा और इस संस्थान को चालू करने की व्यवस्था हो जाएगी ।	हो जाएगा यह आशा की जाती है कि ये संस्था जनवरी, 1992 से चालू हो जायेगी । चालू वित्तीय वर्ष 1991-92 में इस संस्थान के भवन-निर्माण हेतु 100,00 लाख रुपये की राशि की व्यवस्था की गई है। यह आशा की जाती है कि इस संस्था की जो गैस्ट-क्लासिज हरियाणा बहुतकनीकी नीलोखेड़ी में चलाई जा रही हैं उन्हें जनवरी, 1992 से इस संस्था के अपने प्रांगन में शुरू कर दिया जायेगा । (24-12-91)	
		3-9-90		
227	तारांकित प्रश्न संख्या 1149 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से आपके माध्यम से यह जानना चाहूंगा कि राजकीय बहुतकनीकी, उटावड़ में जो एक कार्यशाला ब्लाक बना है, उसके अतिरिक्त वहां पर कुल कितने ब्लाक्स बनाए जाएंगे, उन पर कितना काम हो चुका है, इस पर अब तक कितना पैसा खर्च हो चुका है और कुल कितना व्यय किया जाना है ?"	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने साथी को बताना चाहूंगा कि इस सारे कार्य के लिए 137,80 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है । इस साल के लिए 85,20 लाख रुपए की राशि रखी गई है। कार्यशाला ब्लाक का काम कम्पलीट होने जा रहा है । दूसरे भाग का काम भी बड़ी तेजी से चल रहा है। मुझे आशा है कि सन् 1991 तक इस संस्थान को पूरा कम्पलीट कर देंगे और जुलाई, अगस्त, 1991 तक इसमें छात्रों को दाखिल करने की कोशिश करेंगे।	इस संस्था की दो विषयों अर्थात (1) यांत्रिक इंजी० तथा (2) कामर्शियल प्रेक्टिस एवं आफिस मैनेजमैंट प्रत्येक 30 छात्रों की इनटेक से अतिथि कक्ष सत्र 1991-92 से हरियाणा बहुतकनीकी नीलोखेड़ी में शुरू कर दी गई है। जैसे कि उपरोक्त पर बताया गया है कार्यशाला ब्लाक 60 छात्रों के लिए छात्रावास तथा स्टाफ आवास का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है। (24-12-91)	

78.

Transfer to the Technical Education Deptt. Vide मेमो: क्रमांक 33/2/92-5 शि. 2 दिनांक 24-4-92

Drop 6/11/92

(79)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23-2-89		
228.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 713 के उत्तर में- (क) क्या टोहाना मण्डी नगर क्षेत्र आई0 टी0 आई0 के लिए किसी इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त इमारत इमारत के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?	(क) जी हां, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टोहाना मण्डी नगर क्षेत्र के लिए भवन बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। (ख) यह भवन वर्ष 1992 तक तैयार हो जाने की संभावना है।	प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा, लोक निर्माण विभाग (बी एण्ड आर) ने आई. टी. आई. टोहाना के प्रकासकीय ब्लॉक के निर्माण हेतु 34.57 लाख रू0 का कच्चा अनुमानित चिट्ठा तैयार करके भेजा था, जिसको सरकार से यादी क्रमांक 29/8/91-3 आई. टी. आई. दिनांक 19.8.91 द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर ली है और इस निदेशालय के पृ0 क्रमांक भवन/आई. टी. आई./टोहाना/T/16590 दिनांक 30-8-91 द्वारा प्रमुख अभियन्ता हरियाणा लोक निर्माण विभाग (बी एण्ड आर) चण्डीगढ़ को मूल आर. सी. ई. सहित शीघ्र निर्माण कार्य करवाने हेतु भेज दी गई है। एक-एक प्रति पी. डब्ल्यू. डी. (बी एण्ड आर) के अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए अनुरोध किया गया है कि निर्माण कार्य वित्त वर्ष 1991-92 में शीघ्र ही आरम्भ करवाया जाए। (12-12-91)	समिति इन आश्वासनों के बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (26-12-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23–2–89		
229.	तारांकित प्रश्न संख्या 713 पर कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न ––"अभी मंत्री महोदय ने अपने जवाब में बताया कि टोहाना के अन्दर 1992 तक भवन तैयार हो जाने की संभावना है। क्या वे बताने का कष्ट करेंगे कि वह बिल्डिंग बननी कब शुरु हुई है ?	अध्यक्ष महोदय, अभी मामला विचाराधीन है।		

F.O. 11/8/92

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

FOREST DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		11-9-89		
230.	तारांकित प्रश्न संख्या 969 पर श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक, प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस बारे में (विजिलैंस इन्क्वायरी इन फौरेस्ट प्लांटेशन वर्कस) सारी कार्यवाही कब तक पूरी कर ली जाएगी और क्या इस विषय में किसी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई मुकद्दमा दर्ज करवाया गया या मुकद्दमा दर्ज करवाया जाना बाकी है?	स्पीकर साहब, इस विषय में कोई मुकद्दमा दर्ज नहीं करवाया गया। विजिलैंस डिपार्टमेंट ने इस विषय में अपनी इन्क्वायरी करके रिपोर्ट एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंट को भेज दी है और एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमैंट इस विषय में आगे की कार्यवाही कर रहा है।	मानकावास गांव में कराये गये पौधारोपण कार्य के बारे चौकसी विभाग से जो जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई थी, उसका सरकार द्वारा निरीक्षण किया गया और यह निर्णय लिया गया कि दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाये तदानुसार वन राजिक, फौरेस्टर इत्यादि को निलम्बित किया गया था और श्री किशन लाल, भा0व0से0, तत्कालीन वन मण्डल अधिकारी, भिवानी को अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 के नियम 8 के अन्तर्गत आरोपित किया गया था और अधिकारी का उत्तर प्राप्त होने पर मामले में नियमित जांच के लिए जांच अधिकारी चौकसी विभाग, हरियाणा तथा वनपाल (मुख्यालय) का एक जांच बोर्ड नियुक्त किया गया था। जांच बोर्ड द्वारा प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट का सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि उसके विरुद्ध पाये गये आरोपों की	The Committee would like to know the latest position in this regard. (26-12-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			महत्ता को देखते हुए उसकी दो वार्षिक वेतन वृद्धियां संचित प्रभाव से बन्द कर दी जायें । तदानुसार मामला संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली को मंत्रणा के लिये भेजा गया था । इसी दौरान श्री किशन लाल, भा0व0से0 ने इस जांच के बिरुद्ध केन्द्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल, मुख्य बैंच, नई दिल्ली में ओ. ए. नं0 2311/89 दायर की थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि इस जांच में अंतिम आदेश 31.12.90 तक जारी किये जायें परन्तु उक्त तिथि तक ये आदेश जारी न किये जाने के कारण इस अधिकारी ने सीसीपी नं0 4/91 दायर की जिसमें दिनांक 14.3.91 को यह निर्णय लिया गया था कि दिनांक 31.12.90 के बाद पारित किये गये आदेश विधि मान्य नहीं होंगे । इसके विरूद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करने के लिये स्टेंण्डिग कौंसिल हरियाणा को निदेश जारी किये जा चुके हैं और बकालतनामा भी भेजा जा चुका है । (27-1-92)	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SCIENCE AND TECHNOLOGY DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not retate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15-3-91		
231.	श्री अनिल कुमार विज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1319 का भाग (क) तथा (ख) — (क) क्या अम्बाला छावनी में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी टैक्नालोजी पार्क खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त पार्क के कब तक खोले जाने की संभावना है ?	(क) हां। (ख) उपरोक्त प्रस्ताव (अम्बाला छावनी) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क स्थापित करने बारे) भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आई0 डी0 बी0 आई0) को विचारार्थ भेजा हुआ है। अभी कोई समय सीमा नहीं बताई जा सकती।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। F0 2819	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

LABOUR AND EMPLOYMENT DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariate.

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		8-3-91		
232.	तारांकित प्रश्न संख्या 1318 के संदर्भ में श्री कैलाश चन्द शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –– "......क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि नौकरी देने में क्या उन लोगों को प्रायरिटी दी जाएगी जो सात आठ साल से रजिस्टर्ड हैं या एक परिवार एक नौकरी देने की स्कीम के तहत इन लोगों को प्रायरिटी दी जाएगी इस योजना को कैसे लागू किया जाएगा क्या कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन है ?"	स्पीकर साहब, मैं पहले ही बता चुका हूं कि एक कमेटी का गठन किया गया है और उस कमेटी की रिपोर्ट अप्रैल, 1991 में आएगी। रिपोर्ट आने के बाद सरकार उस पर विचार करेगी और हर संभव कोशिश करेगी कि बेरोजगारी का मसला हल किया जाए।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	
		8-3-91		
233.	तारांकित प्रश्न संख्या 1318 के संदर्भ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–– "अध्यक्ष महोदय, बेरोजगारी की समस्या बड़ी ही गम्भीर समस्या है और इस समस्या का समाधान कोई आसान काम नहीं है कहने को तो हम जो चाहें कह लें पर स्पीकर साहब, मैं इसलिये यह कह रहा हूं कि कल आरोप-प्रति आरोप किसी पर न लगे, इसलिए भर्ती के मामले में जो छूट कार्पोरेशन्ज या दूसरे निगमों या विभागों को दे रखी है, वह तुरन्त बन्द कर देनी चाहिए और सभी भर्तियां ऐम्पलायमैंट एक्सचेंजिज के द्वारा होनी चाहिए। क्या सरकार इस पर विचार करेगी ?"	अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूं कि इस मामले में निगमों व कार्पोरेशन्ज को जो छूट दी गई है वह छूट परमानेंट नहीं है। इसके लिये वर्ष फिक्स किया जाता है और नौकरियों की तादाद फिक्स की जाती है कि इतने-इतने आदमियों की इस साल से जरूरत है लेकिन सरकार इस पर विचार कर रही है कि आगे के लिए सारी भर्ती केवल ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंजिज द्वारा ही की जाए।	उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		5-3-1991		
234.	श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा कुरुक्षेत्र में मैडीकल कालेज संबंधी तारांकित प्रश्न सं० 1300 पर पूछा गया अनुपूरक प्रश्न "क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि मैडीकल कालेज खोलने के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से कोई कोशिश की गई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि इंडियन मैडीकल कौंसिल से इजाजत न मिली हो। इस तरह की कोई बात सरकार के नोटिस में है। स्पीकर साहब, हरियाणा में केवल एक मैडीकल कालेज है जोकि रोहतक में है। अग्रोहा के बारे में जहां तक मुझे अन्दाजा है और गुप्ता जी भी कह रहे हैं कि वहां केवल 35 स्टुडेंटस का प्रावधान है जबकि दूसरी स्टेट्स में पापुलेशन के हिसाब से जितने कालेज हैं, उनकी तुलना में हरियाणा में मैडीकल एजुकेशन बहुत कम है गुप्ता जी ने मुझे बताया है कि 50 लाख की आबादी पर एक मैडीकल कालेज खोलने का क्राइटेरिया है। इन्होंने जवाब में कहा है कि "नो" "प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता"। क्या सरकार यहां की आबादी के हिसाब से मैडीकल कालेज खोलने का प्रयत्न कर रही है। दूसरा मेरा सवाल यह है कि क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि हरियाणा सरकार मैडीकल कौंसिल और केन्द्रीय सरकार को एप्रोच करेगी कि हरियाणा की आबादी के हिसाब से एक मैडीकल कालेज नहीं बल्कि दो मैडीकल कालेज खोले जाएं।"	अध्यक्ष महोदय, गुप्ता जी ने जो कहा है कि मैडीकल कालेज खोलने का पचास लाख आबादी का क्राइटेरिया है, यह बात ठीक है। इन्होंने भी अपने समय में कोशिश की होगी और हम भी इस बात के लिए कोशिश कर रहे हैं कि हरियाणा को उसका हक मिलना चाहिए।	हरियाणा राज्य की जनसंख्या लगभग एक करोड़ चौसठ लाख है। जिसके अनुसार राज्य में तीन चिकित्सा महाविद्यालय होने चाहिएं। जबकि एक चिकित्सा महाविद्यालय रोहतक में कार्यरत है और दूसरा अग्रोहा में निर्माणाधीन है। जिसमें 35 छात्रों के प्रवेश का प्रावधान रखा गया है। जहां तक तीसरे चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का प्रश्न है सरकार अब कुरुक्षेत्र में खोलने बारे विचार कर रही है। दिनांक 9-12-91 को उपायुक्त, कुरुक्षेत्र से भूमि की पोसिबिलिटी/अवेलेबिलिटी के बारे प्रस्ताव मांगा हुआ है। (1-1-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (13-1-92)
		5-3-1991		
235.	तारांकित प्रश्न सं० 1300 पर श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अभी यह बात आई कि हरियाणा में जितने मैडीकल कालेज होने चाहिएं	अध्यक्ष महोदय, ये दोनों दिक्कतें नहीं हैं। मैं सदन को बताना चाहती हूं कि यह बात ठीक है कि पचास लाख की आबादी पर मैडीकल कालेज की स्थापना की जा	हरियाणा राज्य की जनसंख्या के अनुसार राज्य में तीन चिकित्सा महाविद्यालय होने चाहिएं।	कमेटी इस बारे में लेटैस्ट पोजिशन जानना चाहती है। (10-12-91)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	उतने नहीं हैं, क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि मैडीकल कालेज खोलने का क्या क्राइटेरिया है और कालेज खोलने में हरियाणा सरकार को तरफ से कोई दिक्कत है या केन्द्रीय सरकार की तरफ से कोई दिक्कत है अथवा इंडियन मैडोकल कौंसिल की तरफ से कोई दिक्कत है।"	सकती है। इस बात को आपको भी और माननीय सदस्य को भी जानकारी होगी कि हरियाणा को आबादी करीब 1 करोड़ 64 लाख है। अध्यक्ष महोदय, इसके हिसाब से हरियाणा प्रान्त में तीन चिकित्सक महा विद्यालयों की स्थापना की जा सकती है। यह प्रश्न सिर्फ कुरुक्षेत्र जिला के लिए था इसलिये मैंने कुरुक्षेत्र के लिए ही कहा। वैसे करनाल के लिए यह प्रस्ताव विचाराधीन है और भविष्य में एक महाविद्यालय को स्थापना जरूर की जाएगी।	जबकि दो चिकित्सा महाविद्यालय एक रोहतक में दूसरा अग्रोहा में स्थापना की जा चुकी है और तीसरा चिकित्सा महाविद्यालय खोलने बारे प्रोजैक्ट रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो चुकी है। जोकि सरकार के विचाराधीन है। (26-11-91)	

F.O
30/6

87

© 1992
Published under the authority of the Haryana Vidhan Sabha and Printed by the Controller, Printing & Stationery, Haryana, Chandigarh.